दैनिक हिन्दी अख़बार
# सच बेधड़क
www.sachbedhadak.com | twitter.com/sachbedhadak | facebook.com/sachbedhadak
YouTube: youtube.com/@sachbedhadak | Instagram: instagram.com/sach_bedhadak
वर्ष: 2 | अंक: 284 जयपुर, शनिवार, 23 सितंबर, 2023 | भाद्रपद, शुक्ल पक्ष- अष्टमी, विसं 2080 पृष्ठ: 10 | मूल्य: 2.00

## कल राघव से परिणय सूत्र में बंधेंगी परिणीति...



**उदयपुर।** एक्ट्रेस परिणीति चोपड़ा और 'आप' सांसद राघव चड्ढा 24 सितंबर (रविवार)दोपहर सात फेरे लेंगे। दोनों शुक्रवार को उदयपुर पहुंचे। यह शादी उदयपुर के लीला पैलेस में होगी। शादी से पहले के उत्सवों में मेहंदी, 90 के दशक की थीम पर आधारित संगीत, परिणीति और राघव की सेहराबंदी के लिए चूड़ा समारोह का आयोजन होगा। शादी के मेन्यू में पंजाबी और स्थानीय राजस्थानी दोनों तरह के व्यंजन शामिल होंगे।

### कांग्रेस के नए भवन का शिलान्यास आज... सेंट्रल पार्क में गांधी वाटिका का लोकार्पण भी होगा

# राहुल गांधी और खरगे मिशन रिपीट का देंगे मंत्र

**बेधड़क** | जयपुर

कांग्रेस नेता राहुल गांधी और राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे शनिवार को प्रदेश कांग्रेस के नए कार्यालय का मानसरोवर में शिलान्यास करेंगे। कार्यक्रम में कांग्रेस ने बूथ स्तर तक के 52 हजार से ज्यादा कार्यकर्ताओं को निमंत्रण दिया है।

शिलान्यास के बाद मानसरोवर के वीटी रोड पर इन दोनों नेताओं के साथ मुख्यमंत्री अशोक गहलोत, प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष गोविन्द सिंह डोटासरा, प्रभारी सुखजिंदर सिंह रंधावा सहित अन्य नेता एक सभा को संबोधित करेंगे।

माना जा रहा है कि राहुल और खरगे आने वाले विधानसभा चुनाव को लेकर प्रमुख कार्याकर्ताओं को 'सत्ता रिपीट' का मंत्र देंगे। आजादी के बाद से लेकर अब तक प्रदेश कांग्रेस का ठिकाना संसार चंद्र रोड स्थिति इंदिरा गांधी भवन रहा है। मानसरोवर में कार्यालय निर्माण पूरा होने के बाद यह कांग्रेस का नया ठिकाना हो जाएगा।


### 52 हजार बूथ पदाधिकारियों को किया आमंत्रित, आजादी के बाद अब बनेगा पार्टी का कार्यालय



### राहुल करेंगे प्रमुख नेताओं से चर्चा

कार्यक्रम में भाग लेने के लिए राहुल गांधी सवेरे साढ़े पांच बजे नियमित उड़ान से जयपुर पहुंचेंगे। राहुल के बाद सवेरे साढ़े दस बजे कांग्रेस राष्ट्रीय अध्यक्ष खरगे सहित अन्य केन्द्रीय नेता यहां आएंगे। सभी नेता सेंट्रल पार्क में गांधी वाटिका का लोकार्पण भी करेंगे। राहुल अपने दौरे के दौरान कांग्रेस के प्रमुख नेताओं के साथ चर्चा करेंगे। इन सभी नेताओं का शाम छह बजे लौटने का कार्यक्रम रहेगा।

### प्रदेश की पहली गांधी वाटिका



नगरीय विकास मंत्री शांति धारीवाल ने बताया कि महात्मा गांधी की स्मृति में 'गांधी-वाटिका' निर्माण हुआ है। राज्य सरकार की 2021-22 बजट घोषणा के तहत, जयपुर विकास प्राधिकरण ने इसका निर्माण किया है। इस कार्य पर लगभग 85 करोड़ की राशि व्यय की गई है। वाटिका के गांधी दर्शन को उतारने के लिए राज्य सरकार ने गांधी-विचारकों की एक 11 सदस्यीय समिति का गठन किया है। डिजिटल एवं नवीन तकनीक पर आधारित गांधी-वाटिका के तीन हिस्से महत्वपूर्ण हैं। पहला हिस्सा (तल मंजिल) पर है, जिसमें अंग्रेजों के भारत आगमन से लेकर गांधीजी के दक्षिण अफ्रीका प्रवास तक को अंकित किया गया है। इसे पांच खंडों में बांटा गया है।

**80 करोड़ की लागत से बनेगा सात मंजिला कार्यालय:** मानसरोवर के शिप्रा पथ पर बनने वाला कांग्रेस का प्रदेश कार्यालय सात मंजिला और पूरी तरह से आधुनिक सुविधायुक्त होगा। इसका नाम भी पूर्व प्रधानमंत्री स्वर्गीय इंदिरा गांधी के नाम पर रखा जाएगा। कार्यालय निर्माण के लिए पार्टी ने 80 करोड़ का बजट बनाया है। इसके लिए आवासन मण्डल से कांग्रेस ने 5600 वर्ग मीटर जमीन का आवंटन करवाया है।

## जरूरी खबर

### मुनेश गुर्जर मेयर और पार्षद पद से निलंबित



**जयपुर।** जयपुर हेरिटेज निगम की महापौर मुनेश गुर्जर के बच्चों का वीडियो जारी होने के बाद शुक्रवार देर रात राज्य सरकार ने महापौर को एक बार फिर निलंबित कर दिया। स्वायत्त शासन विभाग से जारी निलंबन आदेश में विधि विभाग में चल रही महापौर के कथित भ्रष्टाचार प्रकरण की जांच को प्रभावित करने की संभावना के चलते यह कदम उठाया गया है। मुनेश गुर्जर को महापौर के साथ ही वार्ड नं. 43 के पार्षद पद से भी निलंबित किया गया है। गौरतलब है कि 4 अगस्त को एसीबी ने महापौर के निवास पर उनके पति सुशील गुर्जर व दो दलालों को दो लाख रुपए रिश्वत के रूप में लेते हुए गिरफ्तार किया था। महापौर के घर से 40 लाख रुपए से अधिक संदिग्ध राशि बरामद की गई थी। इसके बाद महापौर को निलंबित कर दिया था, लेकिन कोर्ट के आदेश के बाद मुनेश को पद वापस मिल गया था।

### उपराष्ट्रपति धनखड़ आज दूदू में

**जयपुर।** उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ शनिवार को एक दिवसीय प्रदेश दौरे पर रहेंगे। एकदिवसीय यात्रा के दौरान उपराष्ट्रपति राजस्थान के दूदू जिले में संत शिरोमणि धन्ना भगत जन्मस्थली नोखा नाड़ी चौरू जाएंगे और मंदिर में दर्शन व पूजा-अर्चना करेंगे। यह भाद्र पद शुक्ल अष्टमी माह मेला महोत्सव कार्यक्रम में भी भाग लेंगे।

### कांस्टिट्यूशन क्लब का लोकार्पण: मुख्यमंत्री गहलोत ने अपनी सरकार की गुड गवर्नेंस को उकेरा...

# कभी रोडवेज, हाउसिंग बोर्ड को बंद करने के लगे थे नारे

## गहलोत ने कहा... आज हम आर्थिक विकास दर में नंबर वन

**बेधड़क** | जयपुर

मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने कहा कि एक समय ऐसा था जब हाउसिंग बोर्ड और रोडवेज को बंद करने के नारे लगा करते थे। आज हमारी आर्थिक विकास दर उत्तर भारत में नंबर वन पर पहुंच है। हमारी सरकार आते ही हाउसिंग बोर्ड ने हजारों करोड़ों कमा लिए। अब विधायक आवास का निर्माण हो गया। कांस्टिट्यूशन क्लब बन गया। शुक्रवार शाम विधानसभा के पास कांस्टिट्यूशन क्लब ऑफ राजस्थान के लोकार्पण समारोह में गहलोत ने कहा कि मुझे खुशी है कि आज राजस्थान में एक के बाद एक संस्थाएं खड़ी हो रही हैं। हमने केवल घोषणाएं नहीं की, बल्कि उन्हें प्रभावी रूप से लागू भी किया गया है।

राज्य में गुड गवर्नेंस का शानदार माहौल बना है। यह पहली बार है, जब राज्य सरकार की योजनाओं की पूरे देश में चर्चा हो रही है।

नेता प्रतिपक्ष राजेन्द्र राठौड़ के बयान 'विधायक फिर से जीत कर नहीं आते' पर तंज कसते हुए गहलोत ने कहा राठौड़ साहब आप डराना बंद करो कि 65% विधायक जीतकर वापस नहीं आ पाए। पिछली बार भी विधायकों के आवास के लोकार्पण के मौके पर आपने यही बात की थी। कृपा करके बख्शो और सबको जीत कर आने दो। आप खुद 7-8 बार एमएलए, मंत्री बन गए। बहुत कम लोग है, जो उसे समय से मेंटेन कर रहे हैं, चुनाव जीतने का। परसराम मदेरणा, मोहनलाल सुखाड़िया जैसे नेताओं की लंबी फेहरिस्त है, जो 7-8 बार जीत कर आए थे, तो आप लोग क्यों नहीं जीतकर आ सकते। सरकार वापस रिपीट होगी यह मैं पहली बात कहता हूं। जो माहौल राजस्थान में लोगों ने बनाया है। शानदार बनाए है। शासन और गवर्नेंस का इतिहास बन गया है।

### राजेंद्र राठौड़ को दी नसीहत... डराओ मत, मौजूदा विधायक जीतेंगे




### नई दिल्ली के क्लब की तर्ज पर बना जयपुर का कॉन्सिट्यूशन क्लब

मंत्रोच्चारण के बीच कॉन्स्टिट्यूशन क्लब का उद्घाटन किया गया। गहलोत ने एचसीएम रीपा में बनने वाले ऑफिसर्स इंस्टीट्यूट का शिलान्यास भी किया और विधानसभा में हुई विभिन्न गतिविधियों पर आधारित प्रदर्शनी का अवलोकन भी किया। सीएम ने कहा कि चिंतन-मनन से हमेशा लाभ मिलता है, इससे नए विचार सामने आते हैं तथा देश-प्रदेश की तरक्की का मार्ग प्रशस्त होता है। दिल्ली के कॉन्स्टिट्यूशन क्लब की तर्ज पर निर्मित यह क्लब इस दिशा में एक महत्वपूर्ण मंच साबित होगा।

### पक्ष-विपक्ष के बीच रहने चाहिए संबंध

सीएम गहलोत ने कहा कि पक्ष-विपक्ष के सदस्यों के बीच संबंध हमेशा कायम रहने चाहिए। विधानसभा अध्यक्ष डॉ.सी. पी. जोशी ने कहा कि राजस्थान में सदैव स्वस्थ लोकतांत्रिक प्रक्रिया रही है। मोहन लाल सुखाड़िया और भैरों सिंह शेखावत जैसी विभूतियों ने इस परंपरा को कायम रखा। यह क्लब उसी परंपरा को आगे बढ़ाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा। डॉ. जोशी ने कहा कि देशभर में विधानसभा की कार्यवाहियों का औसत समय काफी कम रहता है, यह बढ़ना चाहिए। उन्होंने कहा कि राजस्थान विधानसभा ने इस संबंध में आदर्श प्रस्तुत किया है। नगरीय विकास एवं आवासन मंत्री शांति धारीवाल ने कहा कि इस क्लब का निर्माण आवासन मंडल की एक अनूठी योजना है, जो मुख्यमंत्री और विधानसभा अध्यक्ष की पहल से साकार रूप ले पाई। नेता प्रतिपक्ष राजेंद्र राठौड़ ने कहा कि कॉन्स्टिट्यूशन क्लब का उद्घाटन एक यादगार लम्हा है। लोकतंत्र को मजबूत करने में यह क्लब महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा और हमारे विचारों के आदान-प्रदान का मंच बनेगा।

### सोने की तस्करी के आरोपियों को भेजा जेल

# पकड़े सोने की कीमत 3 करोड़ 90 लाख 56 हजार रुपए

## आर्थिक अपराध न्यायालय ने भेजा 5 अक्टूबर तक जेसी

**बेधड़क** | जयपुर

एयरपोर्ट पर कस्टम अधिकारियों की सतर्कता और सोना तस्करों की लगातार धरपकड़ के बावजूद सोना तस्करी में लिप्त लोग अवैध रूप से देश में लाने से बाज नहीं आ रहे।

जयपुर कस्टम ने गुरुवार सुबह स्पाइस जेट की उड़ान एसजी-58 से दुबई से जयपुर एयरपोर्ट पर पहुंचे दो यात्रियों से पेस्ट फॉर्म में 7 किलो सोने की बरामदगी की थी। पेस्ट फॉर्म से अलग करने के बाद सोने का शुद्ध वजन 6,408 ग्राम निकला, जिसका मूल्य 3 करोड़ 90 लाख 56 हजार 760 रुपए आंका गया।

कस्टम विभाग ने दोनों आरोपियों को शुक्रवार को आर्थिक अपराध न्यायालय में पेश किया। अदालत ने उन्हें 5 अक्टूबर तक न्यायिक अभिरक्षा में भेजने के आदेश दिए। कस्टम अधिकारियों ने गुरुवार देर रात तक विशेषज्ञ की मदद से पेस्ट फॉर्म से सोने को शुद्ध सोने में बदलवाया। इसके बाद सोने को जब्त कर आरोपी सीकर जिले के श्रीमाधोपुर निवासी मनोज सैन और धोद तहसील निवासी पपलेश कुमार को गिरफ्तार किया। दोनों ने कबूला कि मजबूरी के कारण उन्होंने यह कार्य किया। अदालत में कस्टम विभाग की ओर से पैरवी वरिष्ठ लोक अभियोजक आर.एन. यादव ने की।




### IND Vs AUS वनडे सीरीज: इंडिया 1-0

# भारत की ऑस्ट्रेलिया पर 5 विकेट से शानदार जीत

**एजेंसी** | मोहाली

भारत और ऑस्ट्रेलिया के बीच शुक्रवार को यहां खेले गए पहले मुकाबले में टीम इंडिया ने 5 विकेट से जीत हासिल कर 3 मैचों की सीरीज में 1-0 की बढ़त बना ली। इंडिया ने टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी चुनी। ऑस्ट्रेलिया ने 276 रन बना 277 का टारगेट भारत के सामने खड़ा किया। टीम इंडिया के मोहम्मद शामी ने 5 विकेट झटके। उन्हें प्लेयर ऑफ द मैच और बेस्ट बॉलिंग के लिए 1-1 लाख तथा गिल को उम्दा 74 (63) बैटिंग के लिए 1 लाख रुपए का पुरस्कार दिया गया। भारत ने यह लक्ष्य मात्र 5 विकेट पर हासिल कर लिया। टीम इंडिया की सलामी जोड़ी गिल और गायकवाड़ ने 142 रन की साझेदारी कर जीत की नींव डाल दी। बाद में सूर्यकुमार यादव और कप्तान केएल राहुल ने अर्द्धशतक ठोक टीम को जीत दिला दी। कप्तान राहुल ने छक्के के साथ विजयी रन बनाए। श्रेयस अय्यर 3 तो ईशान 18 रन की छोटी पारी ही खेल सके।




### G4 संग मिलकर दी चेतावनी

# यूएनएससी में स्थाई सदस्यता नहीं देने पर भारत ने दिखाए सख्त तेवर

- कहा- सुधार में वक्त लगना ठीक नहीं, सुरक्षा परिषद के प्रभाव पर उठेंगे सवाल
- आईजीएन मामलों में सार्थक संवाद के सतत अभाव पर जताई चिंता
- जी4 देश लंबे समय से कर रहे उन्हें स्थाई सदस्य बनाने की मांग

**एजेंसी** | न्यूयॉर्क

भारत ने संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद में सुधार नहीं होने पर कड़ा रुख अख्तियार किया है। जी4 समूह के सदस्य देशों- ब्राजील, जर्मनी, जापान और भारत ने चेतावनी दी है कि संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद में सुधार में जितना लंबा वक्त लगेगा, उतने ही इसके प्रभावों को लेकर सवाल खड़े होंगे। इन देशों ने अंतर-सरकारी वार्ता (आईजीएन) के मामलों में सार्थक संवाद के सतत अभाव पर चिंता भी जताई। जी4 देश लंबे समय से मांग कर रहे हैं कि उन्हें स्थाई सदस्य बनाया जाए, लेकिन अभी तक 5 स्थाई देशों ने इस दिशा में कोई कदम नहीं बढ़ाया है।



### भारत ने इनसे की मुलाकात

ब्राजील के विदेश मंत्री माउरो विएरा, जर्मनी की संघीय विदेश मंत्री अन्नालेना बेयरबॉक, जापान की विदेश मंत्री योको कामिकावा और भारत के विदेश मंत्रालय में सचिव (पश्चिम) संजय वर्मा ने संयुक्त राष्ट्र महासभा के 78वें सत्र से इतर गुरुवार को मुलाकात की और सुरक्षा परिषद में सुधार के लिए वार्ता की स्थिति पर चर्चा की। उन्होंने सुरक्षा परिषद सुधार पर निर्णायक प्रगति और वास्तविक परिणामों के लिए 2024 में 'समिट फॉर फ्यूचर' और 2025 में संयुक्त राष्ट्र की 80वीं वर्षगांठ जैसी महत्वपूर्ण आगामी घटनाओं के महत्व को भी रेखांकित किया।

**व्यापक सुधार की तत्काल आवश्यकता:** जी4 के मंत्रियों ने इस बात पर जोर दिया कि अंतरराष्ट्रीय शासकीय ढांचों का भविष्य उनके अनुकूल तथा उद्देश्य के लिए यथोचित बने रहने की उनकी क्षमता पर निर्भर करता है। संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद में सुधार में जितना लंबा वक्त लगेगा, उतना ही इसका प्रभाव सवालों के घेरे में आएगा।

### परिषद की अक्षमता का हवाला

वक्तव्य में यह भी कहा गया है कि समकालीन वैश्विक चुनौतियों पर प्रभावी तरीके से और समय पर ध्यान देने की सुरक्षा परिषद की अक्षमता उसके व्यापक सुधार की तत्काल आवश्यकता को रेखांकित करती है ताकि उसमें समकालीन भूराजनीतिक वास्तविकताएं बेहतर तरीके से झलकें।

### स्थाई-अस्थाई दोनों श्रेणियों में हो सुधार

वक्तव्य के अनुसार, 'जी4 देशों के मंत्रियों ने यूएनजीए के आगामी 78वें सत्र में इस मुद्दे पर ध्यान देने की प्रतिबद्धता जताई और निश्चित समय-सीमा में ठोस परिणाम हासिल करने के उद्देश्य से सभी सदस्य देशों के साथ संवाद बढ़ाने पर सहमति जताई।' जी4 देशों के मंत्रियों ने कहा कि सुरक्षा परिषद को और अधिक सहभागितापूर्ण और वैध बनाने के लिए उसकी सदस्यता की स्थाई और अस्थाई दोनों श्रेणियों में विस्तार जरूरी है।

## जरूरी खबर

### 30 राजकीय उच्च प्राथमिक विद्यालय क्रमोन्नत



**जयपुर।** प्रदेश में शिक्षा व्यवस्था के सुदृढ़ीकरण एवं विद्यार्थियों को बेहतर शिक्षा प्रदान करने के लिए सरकार प्रतिबद्ध होकर कार्य कर रही है। इसी क्रम में मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने प्रदेश के विभिन्न जिलों में स्थित 30 राजकीय उच्च प्राथमिक विद्यालयों को उच्च माध्यमिक विद्यालयों में क्रमोन्नत करने के प्रस्ताव को स्वीकृति प्रदान की है। उन्होंने इन विद्यालयों के लिए 390 विभिन्न पदों के सृजन को भी मंजूरी दी है। प्रत्येक क्रमोन्नत विद्यालय के संचालन के लिए 13-13 पदों का सृजन किया गया है। इन पदों में प्रधानाचार्य, कनिष्ठ सहायक एवं सहायक कर्मचारी के 1-1, अध्यापक लेवल-2 एवं लेवल-1 के 2-2 एवं वरिष्ठ अध्यापक के 6 पदों का सृजन शामिल है।

### प्रदेश के आठ विद्यालयों में शुरू होंगे नए विषय

**जयपुर।** मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने प्रदेश के 6 जिलों के 8 विद्यालयों में 11 नए विषय प्रारम्भ करने के प्रस्ताव को मंजूरी दी है। इन विद्यालयों में नए विषयों के संचालन के लिए स्कूल व्याख्याता का एक-एक पद सहित कुल 11 पद सृजित किए जाएंगे। गहलोत की इस मंजूरी से प्रदेश में शिक्षा व्यवस्था सुदृढ़ होगी तथा विद्यार्थियों को अपना पंसदीदा विषय स्थानीय स्तर पर ही चुनने का अवसर प्राप्त होगा। गौरतलब है कि सीएम गहलोत ने वर्ष 2023-24 के बजट में इस संबंध में घोषणा की थी।

### पुलिस ट्रेनिंग स्कूल के लिए 10.84 करोड़ मंजूर



**जयपुर।** मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने जोधपुर के पुलिस ट्रेनिंग स्कूल में विभिन्न निर्माण कार्यों के लिए 10.84 करोड़ रुपए स्वीकृत किए हैं। पुलिस ट्रेनिंग स्कूल की प्रशिक्षण क्षमता 500 से 1000 बढ़ाने के लिए यह स्वीकृति दी गई है। इस राशि से पुलिस ट्रेनिंग स्कूल में पानी और बिजली के कनेक्शन, प्रशिक्षणार्थियों के लिए मैन बैरिक, बैंड प्लाटून के लिए बैरिक, सीवरेज तथा क्लासरूम का निर्माण एवं फर्नीचर आदि की खरीद की जाएगी। गहलोत की इस स्वीकृति से पुलिसकर्मियों की कार्य क्षमता एवं दक्षता में वृद्धि होगी।

---

**पीसीसी चीफ ने राहुल गांधी की जयपुर में होने वाली सभा की तैयारियों का लिया जायजा**

# भाजपा कागजी संगठन, कैडर बेस का दावा झूठा: डोटासरा

**बेधड़क** | जयपुर

कांग्रेस पीसीसी चीफ गोविंद सिंह डोटासरा ने शुक्रवार को राहुल गांधी की जयपुर में होने वाली सभा की तैयारियों का जायजा लिया। इससे पहले उन्होंने कांग्रेस कार्यालय में प्रेस वार्ता की। इस दौरान उन्होंने कहा कि भारतीय जनता पार्टी बार-बार कैडर बेस पार्टी होने का दावा करते हुए पन्ना प्रमुख बनाने का दावा करती है , किन्तु भाजपा आज तक इस तरह का कार्यकर्ता सम्मेलन आयोजित नहीं कर सकी, क्योंकि वास्तविकता में भाजपा का कोई कैडर नहीं है। भाजपा का केवल कागजों में संगठन बना हुआ है। जिस कारण 9 विधानसभा उपचुनाव एवं पंचायती राज चुनावों में बीजेपी बुरी तरह हारी है। उन्होंने कहा कि राजस्थान में सरकार ने गुड गर्वनेंस देने के साथ ही जनहितैषी 5 बजट प्रस्तुत किए और उन्हें धरातल पर उतारा है और आज राजस्थान सरकार द्वारा दी गई 10 गारंटी पात्र लोगों तक पहुंच रही है।



### पार्किंग को लेकर विशेष व्यवस्था

राहुल के दौरे को लेकर यातायात पुलिस ने भी ट्रैफिक और पार्किंग को लेकर खास इंतजाम किए हैं। डीसीपी (ट्रैफिक) प्रह्लाद सिंह कृष्णियां के अनुसार, मानसरोवर में आयोजित कार्यक्रम में आने वाले हल्के वाहनों की पार्किंग सभा स्थल के पास बाईं साइड में खाली जगह में, वीटी रोड पेट्रोल पम्प के पास, टेऊंराम पार्क, एपेक्स हॉस्पीटल के पास, मॉडर्न स्कूल के पीछे निर्धारित पार्किंग स्थल पर होगी। कार्यक्रम में आने वाली बसें बाहुबली नगर, पत्रकार कॉलोनी रोड, सेंट विलफ्रेड कॉलेज के सामने, न्यू सांगानेर रोड पर निर्धारित पार्किंग स्थल पर खड़ी होंगी। मानसरोवर में कार्यक्रम के दौरान प्रधान वाटिका से वीटी रोड चौराहा, न्यू सांगानेर रोड तक, वीटी रोड, शिप्रापथ रोड, अरावली मार्ग, मध्यम मार्ग पर अरावली मार्ग चौराहा से वीटी रोड चौराहा तक मुख्य मार्ग पर सभी प्रकार के वाहनों की पार्किंग निषेध रहेगी। वहीं गांधी दर्शन संग्रहालय-गांधी वाटिका के लोकार्पण कार्यक्रम स्थल पर आयोजकों के वाहन सेंट्रल पार्क गेट नं. 5 के पास निर्धारित पार्किंग स्थल पर पार्क होंगे। कार्यक्रम में आने वालों के वाहन सेंट्रल पार्क गेट नंबर 3, गेट नंबर 4 के अंदर और होटल हवेली के भीतर पार्किंग स्थल पर खड़े होंगे। कार्यक्रम के दौरान रामबाग से पृथ्वीराज टी-पॉइंट, पृथ्वीराज टी-पॉइंट से स्टैच्यू सर्किल तक सभी प्रकार के वाहनों की पार्किंग निषेध रहेगी।

### पीसीसी चीफ ने भाजपा को घेरा

राजेंद्र राठौड़ पर की टिप्पणी पर बात करते हुए पीसीसी चीफ ने कहा कि वो मेरे बड़े भाई है, इन दिनों लक्ष्मणगढ़ बहुत आ रहे हैं। इन दिनों उन्हें भूलने की भी बीमारी है। राठौड़ के पास लगता हैं फालतू समय है, वो तो यह तक भी नहीं कह पा रहे कि चूरू से लड़ूंगा या कहीं ओर से भी। डोटासरा ने कहा कि भाजपा में वरिष्ठ नेताओं को दरकिनार किया जा रहा। केंद्रीय मंत्रियों के दौरे बढ़ रहें हैं, उन्हें दौरे मुबारक हों। 25 सितंबर को मोदी भी आ रहे हैं, हम चाहेंगे मोदी जी ईआरसीपी की घोषणा करें, क्योंकि अगले करीब 10 दिनों में आचार संहिता लग जाएगी। डोटासरा ने कहा कि मोदी सरकार की नीतियों के खिलाफ कांग्रेस ने प्रदर्शन किए।

---

**प्रधानमंत्री की जयपुर में महासभा 25 सितम्बर को**

# संकल्प यात्राओं का समापन, अब मोदी की सभा की तैयारियां तेज

**बेधड़क** | जयपुर

भाजपा की चौथी परिवर्तन संकल्प यात्रा का शुक्रवार को अलवर में समापन हुआ। इस दौरान गोवा के सीएम प्रमोद सावंत मौजूद रहे, जिन्होंने कांग्रेस सरकार पर जुबानी हमला बोला। इसी के साथ प्रदेश में चारों दिशाओं से निकाली जा रही यात्राओं का समापन हुआ। अब 25 सितम्बर को जयपुर के सांगानेर स्थित दादिया गांव में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की महासभा की तैयारियों को लेकर प्रदेश भाजपा पूरी तरह से जुट गई है। शुक्रवार को भाजपा की कोर कमेटी की वर्चुअल बैठक हुई।

जिसमें पीएम मोदी के जयपुर दौरे को लेकर मंथन हुआ। इस बैठक में प्रदेशाध्यक्ष सीपी जोशी, चुनाव प्रभारी प्रहलाद जोशी, वरिष्ठ नेता ओम माथुर, प्रदेश प्रभारी अरुण सिंह, नेता प्रतिपक्ष राजेंद्र राठौड़, उपनेता प्रतिपक्ष सतीश पूनियां सहित अन्य सदस्य मौजूद रहे।

जिन्होंने पूरे प्लान को लेकर चर्चा की। बैठक में सभा में 5 लाख से अधिक लोगों के पहुंचने का आंकलन किया गया। जिसमें बताया कि भाजपा के 52 हजार बूथों से कार्यकर्ता जुटेंगे। हर बूथ से 10 कार्यकर्ता भी आए तो 5 लाख से अधिक लोग पहुंचेंगे। इसके साथ ही सभी जगह पीले चावल बांटे जा रहे हैं। ऐसे में यह संख्या 10 लाख तक बढ़ सकती हैं। वहीं महिलाओं को बैठक की व्यवस्थाएं संभालने के मुद्दे और जिम्मेदारी व व्यवस्था के रूट चार्ट को लेकर चर्चा हुई।

### महिलाएं संभालेंगी पार्किंग से लेकर ट्रैफिक की व्यवस्था, प्लान तैयार



#### नारी शक्ति वंदन बिल का किया स्वागत

वहीं भाजपा प्रदेश कार्यालय पर शुक्रवार को महिला मोर्चा की पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं ने लोकसभा और राज्यसभा में महिलाओं को 33 प्रतिशत आरक्षण वाला "नारी शक्ति वंदन बिल" पारित कराए जाने पर ढोल नगाड़ों और आतिशबाजी के साथ पीएम मोदी का धन्यवाद दिया। प्रदेश कार्यालय में ढोल नगाड़ों के साथ मिठाई बांटकर और आतिशबाजी करके विधेयक का स्वागत किया।

#### कार्य विभाजन को लेकर बैठक

दादिया में महासभा को लेकर व्यवस्थाओं को संभालने की जिम्मेदारी निभा रही महिला मोर्चा की पदाधिकारियों का दल सभा स्थल पर पहुंचा। महिला मोर्चा प्रदेशाध्यक्ष रक्षा भंडारी ने बताया कि महिला मोर्चा की पदाधिकारियों ने यहां पहुंचकर हनुमान मंदिर में दर्शन किए। उसके बाद स्वच्छता अभियान चलाया। इसके अलावा महिलाओं ने कार्य विभाजन को लेकर एक बैठक की, जिसमें सभी महिलाओं को अलग-अलग व्यवस्थाओं का जिम्मा दिया। जिसमें पार्किंग व्यवस्था, पेयजल व्यवस्था, बैठक व्यवस्था सहित सभास्थल तक पहुंचने के लिए वाहनों की व्यवस्था शामिल हैं। बैठक में तय हुआ कि महिलाएं पार्किंग से लेकर ट्रैफिक की व्यवस्था संभालेगी।

#### सभा स्थल पर ऐसी रहेगी कनेक्टिविटी

ग्रेटर महापौर सौम्या गुर्जर ने बताया कि पूर्व में राजनैतिक सभाओं और रैलियों में ट्रैफिक जाम और अव्यवस्था की खबरें आती रही हैं, लेकिन इस बार पीएम मोदी की सभा के लिए शहर से बाहर दादिया गांव में सभास्थल चिन्हित किया गया है। सभास्थल की कनेक्टिविटी की बात करें तो यहां रिंग रोड से चारों ओर से आने में सुविधा होगी। जिसमें अजमेर रोड से रिंग रोड होते हुए लोग आ सकते हैं, वहीं टोंक रोड से आने वाले लोग बीलवा होते हुए आ सकते हैं, आगरा रोड से आने वाले लोग कानौता होते हुए सभास्थल पहुंच सकेंगे। इसके अलावा सीकर रोड से आने वाले लोग झोटवाड़ा होते हुए रिंग रोड से आ सकते हैं।

---

**प्रधानमंत्री का किया अभिनंदन**

# नारी शक्ति वंदन अधिनियम से नए युग की शुरुआत: दीया

**बेधड़क** | जयपुर



सांसद दीया कुमारी ने संसद के दोनों सदनों में महिला आरक्षण विधेयक पारित होने पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का अभिनन्दन करते हुए कहा कि नारी शक्ति वंदन अधिनियम से देश भर में महिला सशक्तिकरण के नए युग की शुरुआत होगी।

सांसद दीया ने कहा कि संसद में महिलाओं के आरक्षण का प्रस्ताव करीब तीन दशक से लंबित था। यह मुद्दा पहली बार 1974 में महिलाओं की स्थिति का आंकलन करने वाली समिति ने उठाया था। मोदी सरकार के दृढ़ संकल्प से ही यह विधेयक संसद में पारित हुआ है। महिला आरक्षण एक कानून ही नहीं बल्कि देश के अमृतकाल में विकसित भारत की ओर एक मजबूत कदम है। इससे महिलाओं के आत्मसम्मान में वृद्धि के साथ ही सशक्तिकरण होगा। इससे देश के समग्र विकास में योगदान देने की महिलाओं की अपेक्षाएं और आकांक्षाएं भी पूरी हो सकेंगी।

# मुख्य सचिव ने ली बैठक

**बेधड़क** | जयपुर

मुख्य सचिव उषा शर्मा ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की 25 सितम्बर को प्रस्तावित जयपुर यात्रा की तैयारियों को लेकर शुक्रवार को शासन सचिवालय में आयोजित समन्वय बैठक में समीक्षा की। उन्होंने निर्देश दिए कि प्रधानमंत्री की प्रस्तावित यात्रा को लेकर सभी संबंधित अधिकारी पूर्ण समन्वय बनाए रखते हुए आवश्यक व्यवस्थाएं सुनिश्चित करें। मुख्य सचिव ने पुलिस महानिदेशक उमेश मिश्रा, जिला कलेक्टर प्रकाश राजपुरोहित सहित अन्य संबंधित अधिकारियों से वीडियो कॉफ्रेंसिंग के जरिये तैयारियों का जायजा लिया।

शर्मा ने कहा कि सभी अधिकारी अपनी जिम्मेदारियों को पूरी गंभीरता से निभाएं।

---

**आरओबी निर्माण कार्य जल्द पूरा करने की मांग**

# बेनीवाल की सड़क परिवहन मंत्री गडकरी से मुलाकात, विकास कार्यों पर चर्चा

**बेधड़क** | जयपुर



राष्ट्रीय लोकतांत्रिक पार्टी के सुप्रीमों और नागौर सांसद हनुमान बेनीवाल ने शुक्रवार को दिल्ली में केंद्रीय सड़क, परिवहन एवं राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी से मुलाकात की। जहां उन्होंने नागौर सहित राज्य के सड़कों के जुड़े विकास कार्यों पर विस्तृत चर्चा की। बेनीवाल ने बताया कि सड़कों से जुड़े विकास कार्यों की जल्द स्वीकृति निकलवाने तथा नागौर सहित प्रदेश के विभिन्न जिलों से सड़कों से जुड़ी प्राप्त जन समस्याओं के निस्तारण के संदर्भ गडकरी से चर्चा हुई। उन्होंने बताया कि नागौर जिले में मुंडवा से खजवाना जाने वाले राज्य राजमार्ग 39 पर आने वाली रेलवे फाटक, कुचेरा से खजवाना जाने वाले राज्य राजमार्ग संख्या 63 पर खजवाना ग्राम से पूर्व आने वाली रेलवे फाटक, नागौर से जयपुर जाने वाले राज्य राजमार्ग 90 पर खाटू में आने वाली रेलवे फाटक, मेड़ता से रातडी जाने वाले राज्य राजमार्ग संख्या 86 पर गोटन में आने वाली रेलवे फाटक व कालवा में स्थित रेलवे फाटक पर दो लेन आरओबी व लाडनूं शहर में रेलवे स्टेशन के पास तथा मकराना में रेलवे ओवर ब्रिज के नीचे अंडरपास बनाने के प्रस्ताव दिए।

इसके अलावा नागौर शहर में मानासर तथा बीकानेर फाटक पर बन रहे, आरओबी के नीचे अंडर पास बनवाने की मांग दोहराई तथाबीकानेर रेलवे क्रासिंग पर निर्माणाधीन आरओबी का कार्य जल्द से जल्दपूर्ण करवाने की बात भी दोहराई।

---

**सैनिक स्कूल को स्वीकृति देने के लिए दिया धन्यवाद**

# सांसद रामचरण बोहरा ने की रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह से मुलाकात

**बेधड़क** | जयपुर



सांसद रामचरण बोहरा ने शुक्रवार को केन्द्रीय रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह से दिल्ली मे मुलाकात की। इस दौरान उन्होंने जयपुर में सैनिक स्कूल को स्वीकृति देने के लिए धन्यवाद ज्ञापित किया।

बोहरा ने बताया कि जयपुर संसदीय क्षेत्र में युवाओं का सेना के प्रति रुझान है और यहां बड़ी संख्या में पूर्व सैनिक परिवार भी निवास करते है। सैनिक स्कूल के माध्यम से इन युवाओं का सेना मे जाने का और मातृभूमि की सेवा करने का संकल्प साकार होगा। इस अवसर पर जयपुर ग्रामीण सांसद राज्यवर्धन सिंह राठौड़, श्रीगंगानगर सांसद निहालचंद मेघवाल, राजपूत सभा अध्यक्ष राम सिंह चंदलाई, भवानी निकेतन शिक्षा समिति के सचिव गुलाब सिंह मेड़तिया एवं उपाध्यक्ष नागेंद्र सिंह व अन्य पदाधिकारियों ने भी रक्षा मंत्री का आभार प्रकट किया।

---

**पीपीसी की 210वीं बैठक आयोजित**

# जलदाय मंत्री ने 1100 करोड़ रुपए की परियोजनाओं का किया अनुमोदन

**बेधड़क** | जयपुर



राजस्थान वाटर सप्लाई एवं सीवरेज मैनेजमेंट बोर्ड की नीति निर्धारण समिति की 210वीं बैठक शुक्रवार को जन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी मंत्री डॉ. महेश जोशी की अध्यक्षता में सचिवालय में आयोजित हुई। बैठक में करीब 1100 करोड़ की पेयजल परियोजनाओं के प्रस्तावों का अनुमोदन किया गया।

बैठक में 35वीं एवं 37वीं एसएलएसएससी में पहले से ही मंजूर 912.38 करोड़ रुपए की ओटीएमपी और 183.20 करोड़ रुपए की नई परियोजनाओं का अनुमोदन किया गया। अनुमोदित परियोजनाओं में जल जीवन मिशन के तहत 35वीं एसएलएसएससी में स्वीकृत 303.54 करोड़ रुपए की 31 ओटीएमपी, जेजेएम के तहत 37वीं एसएलएसएससी में स्वीकृत 75.45 करोड़ रुपए की 8 ओटीएमपी और 37वीं एसएलएसएससी में स्वीकृत 533.39 करोड़ रुपए की 61 ओटीएमपी की संशोधित स्वीकृति शामिल हैं। बैठक में अतिरिक्त मुख्य सचिव, पीएचईडी डॉ. सुबोध अग्रवाल, जल जीवन मिशन के एमडी अविचल चतुर्वेदी, संयुक्त सचिव पीएचईडी रामप्रकाश, वित्त विभाग के संयुक्त सचिव एच के जुनेजा, उप सचिव गोपाल सिंह, मुख्य अभियंता आरके मीना, मुख्य अभियंता दिनेश गोयल, मुख्य अभियंता के.डी. गुप्ता वित्तीय सलाहकार एवं मुख्य लेखाधिकारी केसी कुमावत सहित अन्य अधिकारी मौजूद रहे।

### इन नई परियोजनाओं को मिली प्रशासनिक स्वीकृति

पीपीसी में नई परियोजनाओं की प्रशासनिक स्वीकृति का अनुमोदन किया गया। इसमें 38.61 करोड़ रुपए की सिलीसेढ़ झील से अलवर के पुराने शहर को जलापूर्ति योजना के संवर्धन, 27.64 करोड़ रुपए की लालसोट (दौसा) शहरी जलापूर्ति योजना के संवर्धन, 20.74 करोड़ रुपए की मंडावरी (दौसा) की शहरी जलापूर्ति योजना के संवर्धन, 20.79 करोड़ रुपए की भरतपुर शहरी जलापूर्ति योजना के तहत पुरानी एवं जीर्ण-शीर्ण पाइप लाइन बदलने, जयपुर हेरिटेज के वार्ड संख्या 5.6,7 एवं कच्ची बस्ती, शास्त्री नगर को रामनगर हैडवर्क्स से जोड़ने की 20.10 करोड़ रुपए की योजना, 8.69 करोड़ की वनस्थली (टोंक) में पाइप्ड वाटर संवर्धन की योजना, 6.16 करोड़ रुपए की पंप हाउस गोयला से पंप हाउस तांतोती, सावर तक मैन ट्रांसमिशन पाइप लाइन सहित अन्य योजनाएं शामिल हैं।

### बीसलपुर परियोजना का प्रथम चरण दिसंबर तक होगा पूरा

परियोजना का प्रथम चरण दिसंबर तक पूरा होने के साथ ही पृथ्वीराज नगर की 1100 कॉलोनियों को बीसलपुर का पानी मिलने लगेगा। 747 करोड़ रुपए की लागत के बीसलपुर पृथ्वीराज नगर पेयजल परियोजना फेज-द्वितीय में भी पृथ्वीराज नगर एवं आसपास की करीब 2200 कॉलोनियों में बीसलपुर का पानी पहुंचेगा। परियोजना के फेज-प्रथम में तहत 563.93 करोड़ रुपए की लागत से बालावाला से लोहामंडी तक 44 किमी. लंबी ट्रांसमिशन मेन लाइन, 51 किमी. की राइजिंग मेन लाइन, करीब 970 किमी. की डिस्ट्रीब्यूशन मेन लाइन और साथ ही 9 स्वच्छ जलाशय मय पंप हाउस तथा 19 उच्च जलाशय के कार्य शामिल हैं। बीसलपुर का पानी आने से पृथ्वीराज नगर के लोगों की टैंकरों पर निर्भरता कम हो जाएगी और साथ ही यहाँ भूजल स्तर में भी सुधार होगा।

## जरूरी खबर

### इस बार 23% अधिक यात्रियों ने भरी उड़ान




**जयपुर।** एयरपोर्ट से अगस्त के महीने में रिकॉर्ड 4.3 लाख यात्रियों ने उड़ान भरी जो 2022 के मुकाबले 23 प्रतिशत अधिक रही। इसके अलावा जुलाई की तुलना में अगस्त में एयरपोर्ट पर यात्रीभार में 1.2 प्रतिशत की वृद्धि दर्ज की गई। दरअसल अगस्त में हवाई अड्डे से 4 लाख 25 हजार 958 यात्रियों ने यात्रा की, जो अगस्त 2022 में 3,46,303 यात्रियों की तुलना में 23 प्रतिशत अधिक है। इसके अलावा जुलाई में जयपुर एयरपोर्ट से 4,20,688 यात्रियों ने सफर किया। 14 हजार यात्रियों की औसत आवाजाही के साथ, अगस्त के महीने में औसतन यह एयर ट्रैफिक 3769 का रहा।

### दिनभर उमस और गर्मी, शाम 4 बजे बाद बारिश

**जयपुर।** राजधानी में शुक्रवार को दिनभर तेज धुप ने आमजन को परेशान किया। हालाँकि शाम 4 बजे हुई हल्की बारिश ने शहर वासियों को गर्मी से हलकी राहत मिली। यहां दिन में अधिकतम तापमान 33.8 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया, मगर उमस ने दिनभर जयपुराइट्स के पसीने छुड़ाए। शर में रात को सुबह 6:30 बजे तक 5 एमएम के अलावा दिन में शाम 5:30 बजे तक 21 एमएम बारिश दर्ज की गई। शुक्रवार को राजधानी के अलावा एक दर्जन इलाकों में भी बारिश दर्ज हुई। मौसम केंद्र जयपुर की ओर से शनिवार को जयपुर, अजमेर, कोटा, उदयपुर व भरतपुर संभाग के कुछ भागों में मेघ गर्जन के साथ बारिश दर्ज होने की संभावना है। इसके अलावा 24 सितंबर को उत्तर-पश्चिमी राजस्थान के बीकानेर संभाग सहित अजमेर, जयपुर, भरतपुर, कोटा व उदयपुर संभाग के कुछ भागों में मेघ गर्जन के साथ बारिश होने की संभावना है।

**मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने किया लोकार्पण, 30 नवंबर तक पूरा हो जाएगा काम**

# कॉन्स्टिट्यूशन क्लब में होंगे रेस्टोरेंट के संग जिम-स्विमिंग पूल

बेधड़क | जयपुर

राजस्थान हाउसिंग बोर्ड के माध्यम से दिल्ली की तर्ज पर जयपुर में भी 'कॉन्स्टिट्यूशन क्लब ऑफ राजस्थान' बनाया गया है। क्लब में रेस्टोरेन्ट, कॉफी हाउस, स्विमिंग पूल, ऑडिटोरियम, मीटिंग हॉल, कान्फ्रेन्स हॉल, जिम, सैलून, बैडमिंटन और टेनिस कोर्ट सहित अतिथियों के ठहरने के लिए सुसज्जित कमरों का निर्माण किया गया है। क्लब का निर्माण कार्य प्रस्तावित और अतिरिक्त कार्यों सहित 30 नवंबर तक पूरा हो जाएगा। इसके अलावा क्लब का संपूर्ण संचालन राजस्थान विधानसभा के अधीन होगा। गौरतलब है कि मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने पिछले वर्ष 9 फरवरी को परियोजना के निर्माण कार्य का शिलान्यास किया था। कॉन्स्टिट्यूशन क्लब परियोजना में बेसमेंट, भूतल और पांच फ्लोर का 1 लाख 95 हजार फीट निर्माण किया गया है।

शुक्रवार को मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने 'कॉन्स्टिट्यूशन क्लब ऑफ राजस्थान' का फीता काटकर लोकार्पण किया। क्लब का उद्देश्य है कि पक्ष और विपक्ष के विधायकों में विधायी सद्भाव की भावना बनी रहे। लोकापर्ण कार्यक्रम में



विधानसभा अध्यक्ष डॉ. सीपी जोशी, नगरीय विकास और आवासन मंत्री शान्ति धारीवाल, नेता प्रतिपक्ष राजेन्द्र राठौड़, मुख्य सचिव उषा शर्मा, सचिव राजस्थान विधानसभा महावीर प्रसाद शर्मा, आवासन आयुक्त कुमार पाल गौतम, मंत्रिमण्डल के सदस्य और अन्य जन प्रतिनिधि उपस्थित रहे।

### क्लब में ये होंगी सुविधाएं

यह क्लब नई दिल्ली की तर्ज पर कॉन्स्टिट्यूशन क्लब ऑफ राजस्थान की तर्ज पर बना है। इसमें सुविधाओं जैसे रेस्टोरेन्ट, कॉफी हाउस, स्विमिंग पूल, ऑडिटोरियम, मीटिंग एंड कॉन्फ्रेन्स हॉल, जिम, सैलून, बैडमिन्टन एंड टेनिस कोर्ट, बिलियर्डस् व टेबल टेनिस, इन्डोर गेम्स सहित ठहरने हेतु कमरों आदि का प्रावधान किया गया है। क्लब कार्यक्रमों और बैठकों की मेजबानी की जरूरतों को भी पूरा करेगा। सम्मेलनों, सेमिनारों और अन्य समारोहों के लिए क्रमश: 125 और 225 सीटों की क्षमता वाले दो हॉल उपलब्ध होंगे। इसके अलावा, उत्पादक चर्चाओं को सुविधाजनक बनाने के लिए आधुनिक ऑडियो-विजुअल सुविधाओं से सुसज्जित तीन सेमीनार हॉल और बैठक कक्ष होंगे। खेल के प्रति उत्साही लोगों के लिए, क्लब बैडमिंटन कोर्ट, स्क्वैश कोर्ट, इनडोर गेम्स रूम और टेबल टेनिस रूम जैसी सुविधाएं प्रदान करेगा। इन सुविधाओं का उद्देश्य सदस्यों के बीच एक स्वस्थ और सक्रिय जीवन शैली को बढ़ावा देना है, जिससे उन्हें शारीरिक गतिविधियों और खेलों में शामिल होने के लिए प्रोत्साहित किया जा सके।

**पहल: गुजरात की तर्ज पर दिया जाएगा AC हेलमेट, ट्रायल शुरू**

# अब तेज धूप में भी पुलिसकर्मी कूल रहकर करेंगे ट्रैफिक कंट्रोल



बेधड़क एक्सक्लूसिव

निरंजन चौधरी | बेधड़क

**जयपुर।** ट्रैफिक पॉइंट पर दिनभर यातायात व्यवस्था संभालने वाले पुलिसकर्मी अब तेज धूप में भी परेशान नहीं होंगे, बल्कि एकदम कूल रहेंगे। यह संभव होगा एयरकंडीशनर से लैस हेलमेट से।

दरअसल प्रदेश के ट्रैफिक पुलिसकर्मियों को जल्द ही एयरकंडीशनर से लैस हेलमेट दिए जाएंगे। इनकी खासियत यह है कि ये हेलमेट तेज धूप और में ठंडक तो देंगे ही साथ ही धूल और प्रदुषण से भी बचाव में मददगार बनेंगे।

एयरकंडीशनर से लैस हेलमेट का अभी राजधानी में अलग-अलग जगह के ट्रैफिक पॉइंट पर लगे पुलिसकर्मियों को पहनाकर ट्रायल किया जा रहा है। शुक्रवार को अजमेरी गेट स्थित यादगार के ऑफिस के पास के पॉइंट पर तैनात ट्रैफिक पुलिसकर्मियों को ये हेलमेट इस्तेमाल के लिए दिए गए। हेलमेट लगाए ये पुलिसकर्मी काफी खुश नजर आए। बाद में उनसे इनके बारे में रिपोर्ट भी ली गई।



### यह खासियत होगी इन हेलमेट्स की

ट्रैफिक पुलिस को मिलने वाले इन एयर कंडीशनर हेलमेट का वजन 2 किलो 600 ग्राम है। इसमें पीछे की तरफ एक शुरू करने करने के लिए बटन दिया हुआ। हेलमेट के पीछे से इसको बैटरी से कनेक्ट करने वाला तार है जो इसको पावर सप्लाई देता है। बैटरी का वजन भी लगभग ढाई किलो है, इसके अलावा हेलमेट में आंखों के सामने एक ग्लास लगा हुआ है जो धूल मिट्टी से पुलिसकर्मियों का बचाव करेगा। हेलमेट के आगे लगे ग्लास वाले हिस्से के अंदर की तरफ ठंडी हवा आएगी और ग्लास के ऊपर से गर्म हवा निकलेगी।

### अधिक वजन से हो सकती है परेशानी

सच बेधड़क संवाददाता ने शुक्रवार को इस खास हेलमेट को पहनकर भी देखा। यह काफी कूल था। जब ट्रायल करने वाले ट्रैफिक पुलिसकर्मियों से इसके बारे में पूछा तो वे इससे काफी खुश नजर आए। उनका कहना था कि इस हेलमेट से उन्हें तेज धूप में होने वाली गर्मी से निजात मलेगी। यह उन्हें दुपहरी में भी एसी कमरे वाला फील देगा। इससे उन्हें ड्यूटी के दौरान परेशानी नहीं होगी। साथ ही इसके साथ वाले चश्में की वजह से आंखों को होने वाली परेशानी से भी बचाव होगा। ट्रैफिक डीसीपी प्रह्लाद कृष्णिया से जब इस बारे में बात करनी चाही तो उन्होंने कहा कि यह अभी ट्रायल स्टेज में है। जल्द ही वे इसके बारे में विस्तृत जानकारी देंगे।

### ट्रैफिककर्मियों के रिव्यू के बाद खरीद

जिन ट्रैफिककर्मियों पर इस एसी वाले हेलमेट का ट्रायल किया जा रहा है, उनसे इसके बारे में लिखित में रिव्यू भी लिया जा रहा है। दो-पांच जगह का रिव्यू आने के बाद इसकी रिपोर्ट पुलिस आयुक्तालय में भेजी जाएगी। वहां पर इसके अध्ययन के बाद इसे लागू करने समेत आगे के पहलुओं पर चर्चा की जाएगी और इनकी खरीद पर निर्णय किया जाएगा।

### गुजरात तर्ज पर पहल

इस तरह का एसी हेलमेट गुजरात के अहमदाबाद में ट्रैफिक पुलिसकर्मियों को दिया गया। वहां पर इसके यूज और इससे होने वाली सहूलियत के बाद राजस्थान में भी यह पहल की गई है। अहमदाबाद में ट्रायल के दौरान इन हेलमेट्स के उपयोग से अच्छे रिजल्ट मिले हैं।

### मोबाइल की तरह होगा चार्ज

एयरकंडीशनर से लैस इन हेलमेट्स की खासियत यह है कि इनके साथ मिलने वाली बैटरी को डिस्चार्ज होने की स्थिति में मोबाइल की तरह चार्ज भी किया जा सकेगा। इसके अलावा इन हेलमेट्स की बैटरी एक बार चार्ज करने के बाद यह हेलमेट 4 से लेकर 6 घंटे काम करेगा। इन हेलमेट्स में ठंडक देने के लिए हेलमेट के अंदर एक चिप लगी है, जिससे हेलमेट के अंदर कूलिंग सिस्टम चलता रहता है।

**विधायक सराफ ने किया शुभारंभ**

## मालवीय नगर में रोजाना सस्ती दरों में बांटी जाएगी दो हजार Kg चना दाल



बेधड़क | जयपुर

मालवीय नगर विधायक कालीचरण सराफ ने भारत सरकार के उपक्रम नाफेड की ओर से वार्ड 129 में सस्ती दरों पर आम जनता को चने की दालों का वितरण किया। डिस्ट्रीब्यूटर विवेक लोढ़ा ने बताया की नाफेड के द्वारा महंगाई को नियंत्रित करने के लिए आम जनता को चने की दाल सस्ती दरों पर उपलब्ध कराई जा रही है। इस अवसर पर समाजसेवी विनोद लोढ़ा, पार्षद महेश सैनी, हिमांशु जैन, अविनाश, सौरभ जैन, हंसराज सैनी मौजूद रहे। मालवीय नगर विधानसभा के प्रत्येक वार्ड में रोजाना दो हजार किलो चने की दाल का सस्ती दरों पर वितरण किया जाएगा। इसी क्रम में शनिवार सुबह 11 बजे वार्ड 133 शनि मंदिर के पास टोंक रोड पर यह वितरण कार्यक्रम रखा जाएगा।

## जस्टिस अशोक कुमार को विदाई



**जयपुर।** राजस्थान हाइकोर्ट स्टाफ एसोसिएशन ने जस्टिस अशोक कुमार गौड़ को विदाई दी। जस्टिस गौड़ को संघ अध्यक्ष ऋतुराज शर्मा ने साफा बंधाया। इस मौके पर गौड़ ने कहा कि कर्मचारी हाईकोर्ट की बैकबोन हैं। इसलिए सभी को मेहनत और ईमानदारी से काम करना चाहिए। विदाई कार्यक्रम में संघ के उपाध्यक्ष चंद्रप्रकाश छजेड़ा, दलपत सोलंकी, प्रीति आसोपा, नरेन्द्र माथुर, अनिल शर्मा, कृष्ण कुमार, योगेश शर्मा, राकेश शर्मा, कैलाश महावर, शिप्रा पारीक आदि मौजूद रहे।

सच बेधड़क
दैनिक हिन्दी अख़बार
आपके दिल की बात अब आपके अखबार के माध्यम से...
अख़बार में प्रकाशन के लिए ख़बर, विज्ञप्ति, कार्यक्रम की सूचना आलेख एवं अपनी मौलिक रचनाएं
news@sachbedhadak.com
पर E- Mail करें।

**केन्द्रीय एमएसएमई मंत्री राणे ने दिया आश्वासन**

## हमें भी मिलेगा MSME टेक्नोलॉजी सेंटर

बेधड़क | जयपुर

केंद्रीय एमएसएमई मंत्रालय की ओर से 6 हजार करोड़ की लागत से देश के 20 बड़े शहरों में एमएसएमई टेक्नोलॉजी सेंटर खोले जाएंगे। इन शहरों में अब जयपुर को भी शामिल किया जाएगा। फोर्टी ने इस संबंध में केंद्रीय एमएसएमई मंत्री नारायण राणे से आग्रह किया है। फोर्टी अध्यक्ष सुरेश अग्रवाल ने बताया कि प्रतिनिधि मण्डल की मांग और एमएसएमई सेक्टर के राज्य में विकास की संभावनाओं के आधार पर नारायण राणे ने सहमति जताते हुए जयपुर में भी एमएसएमई टेक्नोलॉजी सेंटर खोलने का आश्वासन दिया है। नारायण राणे से मुलाकात करने गए प्रतिनिधि मंडल में अध्यक्ष सुरेश अग्रवाल के अलावा संरक्षक सुरजाराम मील, कार्यकारी अध्यक्ष पीडी गोयल, डॉ. अरुण अग्रवाल, वरिष्ठ उपाध्यक्ष नरेश चोपड़ा, वुमन विंग एडवाइजर ऊषा अग्रवाल, जनरल सेक्रेटरी ललिता कुच्छल, वाइस प्रेसिडेंट नीलम मित्तल आदि मौजूद थे।



**गोविन्दपुरा में बायोडायवर्सिटी फॉरेस्ट का लोकार्पण**

## जयपुर को 100 हेक्टेयर वन क्षेत्र की सौगात

बेधड़क | जयपुर

गोविंदपुरा में विकसित किए गए बायोडायवर्सिटी फॉरेस्ट का शुक्रवार को वन मंत्री हेमाराम चौधरी, यूडीएच मंत्री शांति धारीवाल, कृषि मंत्री लालचन्द कटारिया ने लोकार्पण किया। बायोडायवर्सिटी फॉरेस्ट पर करीब 100 हैक्टेयर क्षेत्र में जैव विविधता को केन्द्र में रखते हुए विभिन्न प्रजातियों के पेड़ पौधे लगाए गए हैं। वहीं, जैव विविधता वन क्षेत्र में विभिन्न प्रजातियों के 25 हजार लम्बे पौधे, 10 हजार झाड़ीदार पौधे, 10 हजार ग्राउंड कवर और एक हजार क्लाईंबर्स रोपित किए गए हैं। इसके अतिरिक्त 8 किमी का भ्रमणपथ, 6 झौंपे, 3 तलाईंया, 2 हैक्टेयर ग्रासलॉन बनवाने आदि के कार्य भी करवाए गए हैं। लोकार्पण के दौरान वन मंत्री हेमाराम चौधरी ने आगे भी वन विभाग द्वारा इसे और हरा भरा बनाया जाने की मंशा जताई। यूडीएच मंत्री धारीवाल ने कहा कि इस कार्य में धन की कमी नहीं आएगी। उन्होंने नागरिकों से इस वन क्षेत्र के रखरखाव में सहयोगी बनने की अपील भी की। इस दौरान इस वन क्षेत्र के विकास में सराहनीय योगदान के लिए वन विभाग के राघवेन्द्र, नरेन्द्र सिंह व रामलाल गुर्जर को सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में वार्ड 46 की पार्षद रामजानकी शर्मा भी मौजूद रहीं।




**मेयर मुनेश के पुत्र ने वीडियो जारी कर लगाया आरोप**


# मेरे मम्मी-पापा को मंत्री खाचरियावास और उसके साथियों ने फंसाया

- इतना दुखी था कि सुसाइड करने जा रहा था
- हमें डर लगता है, हमें सुरक्षा की जरूरत है

बेधड़क | जयपुर

नगर निगम हेरिटेज मेयर मुनेश गुर्जर और मंत्री प्रताप सिंह खाचरियावास के बीच पिछले दिनों हुआ विवाद थमने का नाम नहीं ले रहा है। शुक्रवार को गुर्जर के 14 वर्ष के बेटे दक्ष गुर्जर ने एक वीडियो जारी करके मंत्री प्रताप सिंह खाचरियावास पर उसकी मेयर मां और पिता को फंसाने का आरोप लगाया है।

दक्ष ने कहा कि मैं इस मुद्दे पर इतना दुखी था कि सुसाइड करने जा रहा था। हमें डर लगता है। हमें सुरक्षा की जरूरत है। खाचरियावास लगातार मेरी मम्मी पर दबाव बना रहे थे कि वे मनोज मुद्गल को अपने साथ गाड़ी में लेकर घुमाएं। जहां जाएं, उनको साथ लेकर जाएं। मेरी मम्मी ने मना कर दिया। वो कैरेक्टर की बहुत अच्छी इंसान हैं। दक्ष ने कहा कि इस पूरे मामले में मेरे मम्मी-पापा को प्रताप सिंह खाचरियावास, पार्षद मनोज मुद्गल और सुधांशु ढिल्लो ने फंसाया है। गौरतलब है कि पिछले महीने एसीबी ने मुनेश गुर्जर के पति को रिश्वत मामले में पकड़ा था। इसके बाद उन्हें जेल जाना पड़ा था। सरकार ने भी मुनेश गुर्जर को इस मामले में पद से निलंबित कर दिया था।



### पुलिस ने मुझे भी मारा

दक्ष ने बयान जारी करके बोला कि जब हमारे घर पर रेड पड़ी, तब 200 पुलिस के जवान आए। मैं लगातार मेरी मम्मी से मिलने का प्रयास कर रहा था। एक पुलिस के जवान ने मुझे थप्पड़ भी मारा। दक्ष ने बताया- हमें डर लगता है। हमें सुरक्षा की जरूरत है। दक्ष ने मुख्यमंत्री अशोक गहलोत और प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी से अपील करते हुए उनकी सुरक्षा की मांग की है। दक्ष ने खाचरियावास, पार्षद मनोज मुद्गल और सुधांशु ढिल्लो के कोटा दौरे के कुछ फोटो भी दिखाए। दक्ष का आरोप है कि ढिल्लो की शिकायत पर ही पापा और मम्मी को फंसाया गया। उन्होंने ही पार्षद मनोज को एक कार भी गिफ्ट की है।

### अतिरिक्त आयुक्त से विवाद के बाद से शुरू हुआ था घटनाक्रम

निगम हेरिटेज मुख्यालय 18 जून को मुनेश गुर्जर और कांग्रेस के कुछ पार्षदों का अतिरिक्त आयुक्त राजेन्द्र वर्मा से विवाद हुआ। वर्मा ने मेयर और पार्षदों के खिलाफ वर्मा ने राजकार्य में बाधा और एससी-एसटी एक्ट में मुकदमा दर्ज कराया था। एसीबी की टीम ने 4 अगस्त को मुनेश गुर्जर के घर छापा मारा और पति सुशील गुर्जर और दो दलालों को गिरफ्तार किया। कार्रवाई के बाद मंत्री प्रताप सिंह खाचरियावास ने मेयर और उनके पति के खिलाफ बयान दिया। उधर, इस मामले में मंत्री प्रताप सिंह खाचरियावास ने कोई भी बयान देने से इनकार कर दिया।


### मैं अनुशासन से चलने वाला कार्यकर्ता

" मेयर के खिलाफ 37 पार्षद मुख्यमंत्री को लिखकर दे चुके हैं कि मेयर को गिरफ्तार किया जाए। मैं पार्टी के अनुशासन से चलने वाला कार्यकर्ता हूं। बच्चे के मामले में मैं कोई ज्यादा टिप्पणी नहीं करना चाहता।

**मनोज मुद्गल,** सीएमएचओ, पार्षद

## जरूरी खबर

### सांवरिया सेठ का जलझूलनी एकादशी मेला कल से



**चित्तौड़गढ़।** मेवाड़ के प्रमुख कृष्ण धाम भगवान सांवरिया सेठ का जलझूलनी एकादशी मेला 24 से 26 सितंबर तक आयोजित होगा। मंदिर मंडल के सीईओ अभिषेक गोयल ने बताया कि प्रसिद्ध बॉलीवुड सिंगर कैलाश खेर भजनों की प्रस्तुति देंगे। साथ ही हार्मनी ऑफ पाइन्स हिमाचल पुलिस बैंड की प्रस्तुतियां भी देखने को मिलेंगी। मुख्य समारोह 25 सितंबर को होगा। सुबह 11 बजे मंदिर शिखर पर हेलीकॉप्टर से गुलाब के फूलों की वर्षा की जाएगी। उन्होंने बताया कि मेले के आखिरी दिन शाम 6 बजे स्कूटी वितरण और प्रतिभावान विद्यार्थियों का सम्मान कार्यक्रम होगा।

### रैपिड एक्शन फोर्स ने निकाला फ्लैग मार्च

**चौमूं।** रैपिड एक्शन फोर्स व पुलिस के जवानों ने शुक्रवार को शहर के संवेदनशील इलाकों में फ्लैग मार्च निकाला। एसीपी कैलाश जिंदल, थाना प्रभारी प्रदीप शर्मा व रैपिड एक्शन फोर्स बटालियन 83 सहायक कमांडेंट भूपेंद्र सिंह राठौड़ के नेतृत्व में शहर में फ्लैग मार्च किया गया। यह मार्च शहर के थाना मोड़ चौराहा, बस स्टैंड, कलंदरी मस्जिद होते हुए वापस थाना मोड़ चौराहे पर पर पहुंचकर संपन्न हुआ। चौमूं थाना प्रभारी प्रदीप शर्मा ने बताया कि किसी भी प्रकार की कोई सांप्रदायिक घटना और दंगे के स्थिति से निपटने के लिए इस प्रकार का अभ्यास किया जाता है।

### मोनू को हाई सिक्योरिटी जेल में किया गया शिफ्ट



**अजमेर।** नासिर-जुनैद हत्याकांड के आरोप में भरतपुर जेल में बंद मोनू मानेसर को अजमेर की हाई सिक्योरिटी जेल में शुक्रवार को शिफ्ट किया गया। भरतपुर पुलिस उसे कड़ी सुरक्षा में अजमेर लेकर के पहुंची। मोनू मानेसर को हाई सिक्योरिटी जेल में सीसीटीवी की निगरानी में रखा गया है। जेल अधीक्षक पारस जांगिड़ ने बताया कि भरतपुर पुलिस दोपहर 1:45 बजे कड़ी सुरक्षा में मोनू मानेसर को अजमेर लेकर पहुंची। उसके वार्ड के आसपास निगरानी बढ़ाई दी गई है। हाई सिक्योरिटी जेल में वर्तमान में 212 के करीब हार्डकोर अपराधी बंद हैं।

---

**लक्खी मेले में उमड़ा श्रद्धा का सैलाब** श्रद्धालुओं ने भैंरू बाबा की पूजा अर्चना की

# करीरी गाजीपुर में पहलवानों का दंगल, दिखाए अपने दांव-पेच

**■ महिला पहलवानों ने भी दिखाया दम**

सुमित शर्मा | बेधड़क

**टोडाभीम।** गंगापुर सिटी के टोडाभीम में हर साल की तरह इस साल भी करीरी गाजीपुर मेले का आयोजन हर्षोल्लास के साथ हुआ। मेले के दौरान 2.51 लाख की इनामी राशि के लिए 200वीं कुश्ती प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इसमें कुल 200 कुश्तियां करवाई गईं। जिसमें महिला पहलवानों ने भी अपना दम दिखाया। बता दें कि यहां पहाड़ी के ऊपर प्रसिद्ध भैंरू बाबा का मंदिर है। जहां सुबह 5 से ही भक्तों का आना शुरू हो जाता है और देर शाम तक भक्त मंदिर में पहुंचकर बाबा की पूजा अर्चना करते हैं। आज कार्यक्रम में राज्यसभा सांसद डॉ. किरोड़ी लाल मीणा, टोडाभीम विधायक पी.आर. मीणा, भामाशाह रामनिवास मीणा, पूर्व विधायक घनश्याम महर, पूर्व मंत्री रामस्वरूप मीणा, पूर्व विधायक रमेश मीणा, युवा नेता नरेश मीणा, नगर पालिका अध्यक्ष अमृता मीणा, पंचायत समिति प्रधान कल्पना मीणा, आप प्रदेशाअध्यक्ष नवीन पालीवाल सहित सैकड़ों जनप्रतिनिधि मौजूद रहे।



### पहाड़ियों के बीच कुश्ती का मैदान

करीरी गाजीपुर में हर वर्ष कुश्ती का आयोजन किया जाता है। जहां यह दंगल खेला जाता है वह स्थान पूरा पहाड़ियों से घिरा हुआ है। जब दंगल शुरू होता है तो इन पहाड़ियों पर बैठने की जगह मिलना मुश्किल काम है। इस प्रतियोगिता में राजस्थान सहित हरियाणा, उत्तर प्रदेश, पंजाब, मध्य प्रदेश व दिल्ली से पहलवान पहुंचते हैं। 101 रुपए से शुरू हुई कुश्ती प्रतियोगिता की इमान राशि अब 2.51 लाख तक पहुंच गई है। वहीं मेले में अधिक भीड़ के चलते पुलिस अधीक्षक अमर सिंह मीना व थाना अधिकारी बृजेश कुमार मीना के नेतृत्व में सैकड़ों की तादाद में पुलिस के जवान मौजूद रहे। भैरू बाबा के मंदिर परिसर व करीरी के मुख्य चौराहे तक जगह-जगह पुलिस के जवानों की मौजूदगी दिखाई दी।

### आखिरी मुकाबला बराबर पर छूटा

शुक्रवार को दंगल में कुल 200 कुश्तियां करवाई गईं। दंगल में दूसरी कुश्ती दिल्ली के सोनू पहलवान और जीतू पहलवान के बीच हुई। जिसमें जीतू पहलवान विजेता रहे। जीतू पहलवान राजस्थान पुलिस में सब इंस्पेक्टर पद पर तैनात हैं। उन्होंने 51 हजार रुपए की राशि जीती। करीरी दंगल में आखिरी फाइनल कुश्ती हितेश पहलवान व हरकेश खली हाथरस उत्तर प्रदेश के बीच हुई, जो बराबरी पर छूटी।

---

**बारां में सरकारी कॉलेज** के उद्घाटन पर भिड़े भाजपाई-कांग्रेसी

# मंत्री भाया का रास्ता रोका, BJP कार्यकर्ताओं पर भांजी लाठियां

**■ कांग्रेसी नेता शरद शर्मा पर बंदूक की नोक पर धमकाने का आरोप**

बेधड़क | बारां

जिले के मांगरोल में नवनिर्मित सरकारी कॉलेज के उद्घाटन से पहले ही भाजपा और कांग्रेस कार्यकर्ताओं में टकराव की स्थिति हो गई। इससे नाराज भाजपा कार्यकर्ताओं ने मंत्री प्रमोद जैन भाया का रास्ता रोक दिया। पुलिस ने लाठीचार्ज कर प्रदर्शनकारियों को हटाया। बाद में बड़ी संख्या में भाजपा कार्यकर्ता एकत्रित हो गए और पुलिस थाने के बाहर धरना प्रदर्शन शुरू कर दिया। इस मामले में युवक कांग्रेस के पूर्व जिलाध्यक्ष शरद शर्मा पर बंदूक की नोक पर धमकाने का आरोप भी लगा है।

जानकारी के अनुसार खान मंत्री प्रमोद जैन भाया को उनके विधानसभा क्षेत्र अंता के मांगरोल में कॉलेज की नई बिल्डिंग का उद्घाटन करना था। यह कॉलेज मांगरोल के इटावा रोड पर बना है। इस कॉलेज का निर्माण केन्द्र और राज्य सरकार दोनों के सहयोग से हुआ है। भाजपा कार्यकर्ताओं ने आरोप लगाया इस कॉलेज के निर्माण में केंद्र सरकार ने भी राशि दी है, लेकिन भाजपा कार्यकर्ताओं को नहीं बुलाया गया है। मंत्री के आने से पूर्व ही आजाद तिराहे पर भाजपा और कांग्रेस दोनों दलों के नेताओं में किसी बात को लेकर टकराव हो गया।



### भाया मुर्दाबाद के लगाए नारे

भारतीय जनता पार्टी के देहात मंडल अध्यक्ष दिलीप मीणा ने युवक कांग्रेस जिला अध्यक्ष शरद शर्मा पर रिवाल्वर दिखाकर जान से मारने की धमकी देने का आरोप लगाया है। इस बात से भाजपाइयों में गुस्सा फुट गया और भाजपा नेताओं ने आजाद चौक पर जाम लगा मंत्री प्रमोद जैन भाया मुर्दाबाद के नारे लगा विरोध जताना शुरू कर दिया। वहीं, भाजपा कार्यकर्ताओं की ओर से शरद शर्मा की गिरफ्तारी की मांग को लेकर अड़े रहे। कुछ देर बाद मांगरोल में मंत्री भाया के काफिले ने प्रवेश किया। काफिला आजाद तिराहे पर पहुंचा तो प्रदर्शनकारियों ने मंत्री के काफिले का रास्ता रोक दिया। इस दौरान वहां तैनात मांगरोल और सीसवाली थाने की पुलिस ने प्रदर्शन कर रहे भाजपा कार्यकर्ताओं को तितर बितर करने के लिए पर लाठीचार्ज कर दिया, जिसमें कई भाजपा कार्यकर्ताओं और आमजान को चोटें आई। इसके बाद मंत्री के काफिले को इटावा रोड की तरफ रवाना किया गया। इसके बाद मंत्री भाया ने गवर्नमेंट कॉलेज मांगरोल की बिल्डिंग, महिला छात्रावास और कर्मचारी आवासों का उद्घाटन किया।

### आत्मरक्षा में निकाली पिस्टल

इधर, यूथ कांग्रेस के पूर्व जिलाध्यक्ष शरद शर्मा का कहना है कि भाजपा नेता दिलीप मीना और प्रखर कौशल ने उन्हें रोककर जानलेवा हमला किया। इस दौरान कार में भी तोड़फोड़ का प्रयास किया, तो उन्होंने आत्मरक्षा में अपनी लाइसेंसी पिस्टल निकाली थी। बाद में भारतीय जनता पार्टी के नेताओं जिनमें पूर्व जिला प्रमुख नंदलाल सुमन, अंता प्रधान प्रखर कौशल और विष्णु गौतम सीसवाली सहित कई नेताओं ने आजाद चौक मांगरोल पर सड़क को जाम कर दिया। इन लोगों की मांग है कि शरद शर्मा के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया जाए।

---

**नदी में नहाने** वक्त हुआ हादसा

## चंबल नदी के तेज बहाव में बहे 6 युवक, तीन को बचाया

बेधड़क | धौलपुर

धौलपुर में चंबल नदी में शुक्रवार दोपहर को 6 युवक पानी के तेज बहाव में बह गए। इस बीच तीन युवकों ने नदी में स्थित केबल तार को पकड़ लिया। वहीं बाकी तीन युवक पानी के तेज बह में बह गए। मौके पर पहुंची कोतवाली थाना पुलिस ने चंबल पुल के ऊपर से रस्सा फेंक कर तीनों युवकों को पकड़ा दिया और बाद में स्टीमर की मदद से तीनों युवकों को सकुशल रेस्क्यू कर लिया। जानकारी के मुताबिक पुराना शहर निवासी तीन युवक अपने तीन रिश्तेदारों को साथ लेकर शुक्रवार दोपहर को चंबल नदी पर घूमने गए थे। बताया जा रहा है तीन युवक पानी में नहाने के लिए कूद गए। पानी का तेज बहाव होने पर युवक डूबने लगे। डूब रहे दोनों युवकों को देख साथी तीनों युवक भी मदद के लिए कूद गए। एडिशनल एसपी ओमप्रकाश मीणा ने बताया कि बचाए गए तीन युवक शहजाद निवासी ग्वालियर, गोलू निवासी धौलपुर और इरशाद निवासी मुरैना हैं, जबकि मुबारक (19), लकी (16) और सूफियाना नदी में बह गए।

## कांकरेलिया को मिला स्वामी विवेकानंद पुरस्कार

बेधड़क | भानपुर कलां



पत्रकार बाबूलाल कांकरेलिया को उनके द्वारा पत्रकारिता क्षेत्र में उत्कृष्ट एवं उल्लेखनीय कार्य करने पर शक्ति फिल्म प्रोडक्शन ने स्वामी विवेकानंद राष्ट्रीय पुरस्कार 2023 से सम्मानित किया है। शक्ति फिल्म प्रोडक्शन फाउंडर अंबालिका शास्त्री ने बताया कि समाज के विभिन्न क्षेत्रों में उत्कृष्ट एवं उल्लेखनीय कार्य करने वाली 51 प्रतिभाओं को सम्मानित किया गया। पुरस्कार के बाद कांकरेलिया ने शक्ति फिल्म प्रोडक्शन का आभार प्रकट किया।

---

**जांच एजेंसी का दुरुपयोग** कर रही गहलोत सरकार

## भ्रष्टाचार में डूबी आरपीएससी को बचाने में जुटी एसीबी: देवनानी

बेधड़क | अजमेर

पूर्व शिक्षा राज्य मंत्री और अजमेर उत्तर विधायक वासुदेव देवनानी ने ईओ और आरओ भर्ती मामले में भ्रष्टाचार को लेकर एसीबी की जांच पर कोर्ट की और से की गई टिप्पणी पर गहलोत सरकार के खिलाफ तीखा हमला बोला है।

देवनानी ने कहा कि गहलोत सरकार आरपीएससी में बैठे अपने चहेतों को बचाने के लिए जांच एजेंसी का दुरुपयोग कर रही है। देवनानी ने कहा कि इस मामले में कोर्ट की ओर से की गई टिप्पणियां बेहद गंभीर हैं और एसीबी की जांच पर कई सवाल खड़े करती हैं। देवनानी ने कहा कि कोर्ट की टिप्पणी के बाद साफ है कि जांच एजेंसियों का दुरुपयोग कौन कर रहा है। देवनानी ने कहा कि इस मामले में एसीबी पहले दिन से ही आरपीएससी में बैठे लोगों को बचाने में जुड़ गई थी। इसका प्रमाण है कि एसीबी ने इस पूरे मामले में उन सदस्यों से कोई पूछताछ और जांच नहीं कि जिनके नाम से कांग्रेस नेता गोपाल केसावट ने रिश्वत ली थी। कांग्रेस सरकार खुद भ्रष्टाचार को पनपा रही है और एजेंसियों का दुरुपयोग कर भ्रष्टाचार में डूबे अपने खास को बचाने का काम कर रही है।



---

**डेस्टिनेशन वेडिंग कल** मेहमानों के आने का सिलसिला जारी

## एक्ट्रेस परिणीति व राघव पहुंचे उदयपुर

बेधड़क | उदयपुर

बॉलीवुड एक्ट्रेस परिणीति और सपा नेता राघव चड्ढा आखिरकार शादी के बंधन में बंधने जा रहे हैं। कपल 24 सितंबर को उदयपुर में डेस्टिनेशन वेडिंग कर रहा है। परिणीति और राघव की शादी टॉक ऑफ द टाउन बनी हुई है। जानकारी के मुताबिक उदयपुर के ताज लेक पैलेस में ये शादी होने वाली है।

परिवार और महमानों के बाद अब होने वाले दूल्हा-दुल्हन भी उदयपुर पहुंच चुके हैं। शुक्रवार को उदयपुर एयरपोर्ट पहुंचने पर राघव-परिणीति का ढोल-नगाड़ों के साथ स्वागत किया गया। कल शाम तक मेहमानों के आने का सिलसिला चलता रहेगा। वहीं शादी को लेकर कड़े सुरक्षा के इंतजाम किए गए हैं। एहतियात के रूप में राजस्थान पुलिस तो तैनात है ही साथ में प्राइवेट गार्ड में लगाए गए हैं।



शादी के कार्यक्रम 23 सितंबर यानी कल से शुरू हो जाएंगे। शादी को लेकर सुरक्षा का खासा ध्यान रखा जा रहा है।

इसके लिए पुलिस तो सुरक्षा व्यवस्था में तैनात है ही, साथ ने चप्पे चप्पे पर प्राइवेट गार्ड को भी तैनात किया गया है। बताया जा रहा है कि 100 से ज्यादा तो प्राइवेट गार्ड तैनात है। वहीं होटल में भी बिना चैकिंग के एंट्री नहीं दी जा रही है।

---

**उदयपुर से जयपुर के बीच वंदे भारत का ट्रायल सफल**

# पीएम मोदी प्रदेश को देंगे तीसरी वंदे भारत की सौगात, उद्घाटन कल

**■ यात्रियों के अनुभव के आधार पर ट्रेन में किए कई सुधार**

बेधड़क | उदयपुर

राजस्थान को जल्द ही तीसरी वंदे भारत ट्रेन की सौगात मिलने जा रही है। 24 सितंबर से इसकी शुरुआत होने वाली है। पीएम नरेंद्र मोदी वर्चुअली इसका उद्घाटन करेंगे। इससे पहले शुक्रवार को राजस्थान की तीसरी और अजमेर रेल मंडल की दूसरी वंदे भारत ट्रेन का ट्रायल उदयपुर से जयपुर के बीच किया गया।

बता दें कि 24 सितंबर को देश में पहली बार एक साथ नौ वंदे भारत एक्सप्रेस का उद्घाटन होगा। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी वर्चुअल समारोह में इन ट्रेनों को हरी झंडी दिखाकर रवाना करेंगे। ये सभी नौ ट्रेनें अलग-अलग राज्यों और शहरों से चलेंगी। इनमें उदयपुर से जयपुर के बीच प्रदेश की तीसरी वंदे भारत भी शामिल है।

रेलवे ने पूर्व में संचालित वंदे भारत ट्रेनों में यात्रियों के अनुभवों के आधार पर ट्रेन में कई सुधार किए हैं। ट्रेन को यात्रियों के लिए और अधिक सुविधाजनक व बेहतर सुविधाओं से सुसज्जित किया गया है।



### ट्रेन में 530 यात्री कर सकेंगे सफर

उदयपुर से चलने वाली वंदे भारत ट्रेन में 8 कोच होंगे। इसमें से दो में 44 - 44, 5 में 78 -78 और एक में 52 यात्री बैठ पाएंगे। इसके करीब 530 यात्री एक बार ने सफर कर पाएंगे। नई वंदे भारत ट्रेन का ठहराव राणा प्रताप नगर, मावली, चंदेरिया, भीलवाड़ा, अजमेर, किशनगढ़ और जयपुर में तय किया गया है। चेयर कार श्रेणी का किराया अधिकतम 850 रुपए और एग्जीक्यूटिव श्रेणी का किराया 1800 रुपए तक होगा।

### जयपुर जाने वाले यात्रियों का बचेगा समय

रेल अधिकारी प्रदीप कुमार ने बताया कि शुक्रवार को हुए ट्रायल के दौरान वंदे भारत उदयपुर से सुबह 7:50 बजे रवाना हुई, जो सुबह 11:40 अजमेर और 1:50 पर जयपुर पहुंची। वापसी में यह ट्रेन जयपुर से दोपहर 2:30 बजे रवाना होकर 4:30 अजमेर तथा रात 8:40 बजे उदयपुर पहुंची। यह ट्रेन सप्ताह 6 दिन चलेगी। उदयपुर से जयपुर के लिए 8 ट्रेन चल रही हैं, जिसमें से 4 प्रतिदिन और एक सप्ताह में तीन बार 3 सप्ताह में दो बार चल रही है। यह ट्रेन 110 किमी प्रति घंटे की रफ्तार से चलती है और जयपुर पहुंचने में 7-8 घंटे का समय लेती है। वंदे भारत ट्रेन की बात करें तो यह 120 किमी प्रति घंटे की रफ्तार से चलेगी, इससे ट्रेन 6 घंटे में जयपुर पहुंचा देगी। यात्रियों को 1-2 घंटे के समय का फायदा होगा।

### यात्रियों के फीडबैक पर किए बदलाव

यात्रियों को बैठने में आराम का अहसास हो इसके लिए सीट के झुकाव कोण को बढ़ाया है। कुशन को भी नरम व आरामदायक किया गया है। सीटों के रंग को भी बदला गया है। सीट के नीचे लगे मोबाइल चार्जिंग पॉइंट की पहुंच को भी पहले की तुलना में बेहतर बनाया गया है। टॉयलेट में भी कई सुविधाओं अनुकूल किया गया है। वॉश बेसिन की गहराई को बढ़ाने के साथ ही टॉयलेट के हैंडल को भी अतिरिक्त मोड़ा गया है। लाइट क्षमता को 1.5 वॉट से बढ़ाकर 2.5 वॉट किया गया है। दिव्यांगजनों की सुविधा के लिए उनकी निर्धारित सीट के पास ही व्हील चेयर रखने का प्रावधान किया गया है। ट्रेन में आपातकालीन स्थिति में हैमर तक आसान पहुंच और हैमर बॉक्स की डिजाइन में परिवर्तन किया गया है।


युवा हृदय सम्राट
श्रीमान राहुल गांधी जी
व
श्री मल्लिकार्जुन खड़गे जी
अध्यक्ष अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी
के जयपुर आगमन पर
हार्दिक अभिनन्दन!
सदैव आपके साथ... आपका अपना
सेवा ही धर्म है...
पवन गोयल
मालवीय नगर विधानसभा क्षेत्र
pawangoyal | मो.:- 9829077756

गीतकार राजेन्द्र कृष्ण का स्मृति दिवस

# 'एक गीत में बापू का जिंदगीनामा'



ज़ाहिद ख़ान
स्वतंत्र टिप्पणीकार

फिल्मी दुनिया में राजेन्द्र कृष्ण वह गीतकार हैं, जिन्होंने हिंदी फिल्मों की कहानी, स्क्रिप्ट और संवाद भी लिखे। हर मैदान में वे कामयाब रहे, लेकिन राजेन्द्र कृष्ण के चाहने वालों में उनकी पहचान गीतकार की ही है। चार दशक तक उनका फिल्मों में सिक्का चला। इस दरमियान उन्होंने ऐसे नायाब गीत लिखे, जो आज भी उसी तरह से पसंद किए जाते हैं। उनके लिखे गीतों का कोई जवाब नहीं। वे सचमुच लाजवाब हैं। राजेंद्र कृष्ण का पूरा नाम राजेंद्र कृष्ण दुग्गल था। उन्हें बचपन से ही शेर-ओ-शायरी का ज़ुनूनी शौक था। अपना शौक पूरा करने के लिए वे स्कूल की किताबों में अदबी रिसालों को छिपाकर पढ़ते। यह शौक कुछ यूं परवान चढ़ा कि आगे चलकर खुद लिखने भी लगे। पन्द्रह साल की उम्र तक आते-आते उन्होंने मुशायरों में शिरकत करना शुरू कर दिया। जहां उनकी शायरी खूब पसंद भी की गई। शायरी का शौक अपनी जगह और गम-ए-रोजगार का मसला अलग। लिहाजा साल 1942 में शिमला की म्युनिसिपल कॉरपोरेशन में क्लर्क की छोटी सी नौकरी ज्वाइन कर तो ली, लेकिन उनका दिल इस नौकरी में बिल्कुल भी नहीं रमता था। नौकरी के साथ-साथ उनका लिखना-पढ़ना और मुशायरों में शिरकत करना जारी रहा।


यह वह दौर था, जब सांस्कृतिक कार्यक्रम के नाम पर मुशायरों-कवि सम्मेलनों की बड़ी धूम थी। इन मुशायरों की मकबूलियत का आलम यह था कि हजारों लोग इनमें अपने मनपसंद शायरों को सुनने के लिए दूर-दूर से आते थे। शिमला में भी उस वक्त हर साल एक अजीमुश्शान ऑल इंडिया मुशायरा होता था, जिसमें मुल्क भर के नामचीन शायर अपना कलाम पढ़ने आया करते थे। साल 1945 का वाकिया है, मुशायरे में दीगर शोअरा हजरात के साथ नौजवान राजेंद्र कृष्ण भी शामिल थे। जब उनके पढ़ने की बारी आई, तो उन्होंने अपनी गजल का मतला पढ़ा, ''कुछ इस तरह वो मेरे पास आए बैठे हैं/ जैसे आग से दामन बचाए बैठे हैं''। गजल के इस शे'र को खूब वाह-वाही मिली। दाद देने वालों में जनता के साथ-साथ जिगर मुरादाबादी की भी आवाज मिली। शायर-ए-आजम जिगर मुरादाबादी की तारीफ से राजेन्द्र कृष्ण को अपनी शायरी पर एतमाद पैदा हुआ और उन्होंने शायरी और लेखन को ही अपना पेशा बनाने का फैसला कर लिया। एक बुलंद इरादे के साथ वे शिमला छोड़, मायानगरी मुंबई में अपनी किस्मत आजमाने जा पहुंचे। फिल्मी दुनिया में काम पाने के लिए राजेन्द्र कृष्ण को ज्यादा जद्दोजहद नहीं करनी पड़ी। उन्हें सबसे पहले फिल्म 'जनता' की पटकथा लिखने को मिली। यह फिल्म साल 1947 में रिलीज हुई। उसी साल उनकी एक और फिल्म 'जंजीर' आई, जिसमें उन्होंने दो गीत लिखे।

हालांकि उन्हें असल पहचान मिली फिल्म 'प्यार की जीत' से। साल 1948 में आई इस फिल्म में संगीतकार हुस्नलाल भगतराम का संगीत निर्देशन में उन्होंने चार गीत लिखे। फिल्म के सारे गाने ही सुपर हिट हुए। खास तौर पर अदाकारा सुरैया की सुरीली आवाज से राजेन्द्र कृष्ण के गाने 'तेरे नैनों ने चोरी किया मेरा छोटा सा जिया परदेसिया' में जादू जगा दिया। गाना पूरे देश में खूब मकबूल हुआ। साल 1948 में ही राजेन्द्र कृष्ण ने एक और गीत ऐसा लिखा, जिससे वे फिल्मी दुनिया में हमेशा के लिए अमर हो गए। 30 जनवरी, 1948 को महात्मा गांधी की हत्या हुई। बापू की इस हत्या से पूरा देश गमगीन हो गया। राजेन्द्र कृष्ण भी उनमें से एक थे।

> “ एक बुलंद इरादे के साथ वे शिमला छोड़, मायानगरी मुंबई में अपनी किस्मत आजमाने जा पहुंचे। फिल्मी दुनिया में काम पाने के लिए राजेन्द्र कृष्ण को ज्यादा जद्दोजहद नहीं करनी पड़ी। उन्हें सबसे पहले फिल्म 'जनता' की पटकथा लिखने को मिली। यह फिल्म साल 1947 में रिलीज हुई। उसी साल उनकी एक और फिल्म 'जंजीर' आई, जिसमें उन्होंने दो गीत लिखे। हालांकि उन्हें असल पहचान मिली फिल्म 'प्यार की जीत' से। साल 1948 में आई इस फिल्म में संगीतकार हुस्नलाल भगतराम का संगीत निर्देशन में उन्होंने चार गीत लिखे। फिल्म के सारे गाने ही सुपर हिट हुए। खास तौर पर अदाकारा सुरैया की सुरीली आवाज से राजेन्द्र कृष्ण के गाने 'तेरे नैनों ने चोरी किया मेरा छोटा सा जिया परदेसिया' में जादू जगा दिया। ”



*ना झटको जुल्फ से पानी,*
*ये मोती टूट जाएंगे।*
*तुम्हारा कुछ न बिगड़ेगा,*
*मगर दिल टूट जाएंगे।।*



*सरल, सहज जबान में लिखे राजेन्द्र कृष्ण के गीत लोगों के दिलों में बहुत जल्द ही अंदर तक उतर जाते थे। जहां उन्हें मौका मिलता, उम्दा शायरी भी करते। संगीतकार मदन मोहन के लिए उन्होंने जो गाने लिखे, वह अलग ही नजर आते हैं। मिसाल के तौर पर फिल्म 'अदालत' में राजेन्द्र कृष्ण ने एक से बढ़कर एक बेमिसाल गजलें 'उनको ये शिकायत है कि हम कुछ नहीं कहते', 'जाना था हमसे दूर बहाने बना लिए' और 'यूं हसरतों के दाग मुहब्बत में धो लिए' लिखीं।*

बापू के जानिब अपने जज्बात को उन्होंने एक जज्बाती गीत 'सुनो सुनो ऐ दुनियावालों बापू की ये अमर कहानी' में ढाला। तकरीबन तेरह मिनट के इस लंबे गीत में महात्मा गांधी का पूरा जिंदगीनामा है। मोहम्मद रफी की दर्द भरी आवाज ने इस गाने को नई ऊंचाईयां पहुंचा दी। आज भी ये गीत जब कहीं बजता है, तो देशवासियों की आंखें नम हो जाती हैं। हिंदी फिल्मों में राजेन्द्र कृष्ण के गीतों की कामयाबी का सिलसिला एक बार शुरू हुआ, तो उन्होंने फिर पीछे मुड़कर नहीं देखा। एक के बाद एक उनकी ऐसी कई फिल्में आईं, जिनके गीतों ने ऑल इंडिया में धूम मचा दी। साल 1949 में फिल्म 'बड़ी बहन' में उन्हें एक बार फिर संगीतकार हुस्नलाल भगतराम के संगीत निर्देशन में गीत लिखने का मौका मिला। इस फिल्म के भी सभी गाने हिट हुए। खास तौर पर 'चुप-चुप खड़े हो जरूर कोई बात है..' और 'चले जाना नहीं..' इन गानों ने नौजवानों को अपना दीवाना बना लिया। सुर साम्राज्ञी लता मंगेशकर की आवाज ने इन गीतों में वह कशिश पैदा कर दी, जो आज भी दिल पर असर करती है। फिल्म 'बहार' (साल-1951) में शमशाद बेगम का गाया गीत 'सैंया दिल में आना रे..' भी खूब मकबूल हुआ।

इन गानों ने राजेन्द्र कृष्ण को फिल्मों में गीतकार के तौर पर स्थापित कर दिया। साल 1953 में फिल्म 'अनारकली' और साल 1954 में आई 'नागिन' में उनके लिखे सभी गाने सुपर हिट साबित हुए। इन गानों की कामयाबी ने राजेन्द्र कृष्ण के नाम को देश के घर-घर तक पहुंचा दिया। फिल्म 'अनारकली' में यूं तो उनके अलावा तीन और गीतकारों जांनिसार अख्तर, हसरत जयपुरी, शैलेन्द्र ने गीत लिखे थे, लेकिन राजेन्द्र कृष्ण के लिखे सभी गीत बेहद पसंद किए गए। 'जिंदगी प्यार की दो-चार घड़ी होती है..', 'जाग दर्दे-ए इश्क जाग', 'ये जिंदगी उसी की है' और 'मोहब्बत में ऐसे कदम डगमगाए' उनके लिखे गीतों को हेमंत कुमार और लता मंगेशकर की जादुई आवाज ने नई बुलंदियों पर पहुंचा दिया। इसी फिल्म से उनकी जोड़ी संगीतकार सी. रामचंद्रा के साथ बनी। इस जोड़ी ने आगे चलकर कई सुपर हिट फिल्में 'पतंगा', 'अलबेला', 'पहली झलक', 'आजाद' आदि दीं। इन फिल्मों में लता मंगेशकर द्वारा गाए गए गीत खूब लोकप्रिय हुए। फिल्म 'नागिन' की कामयाबी के पीछे भी राजेन्द्र कृष्ण के गीतों का बड़ा योगदान था। इस फिल्म में उन्होंने एक से बढ़कर एक गीत 'मन डोले, तन डोले, मेरे दिल का गया करार रे', 'मेरा दिल ये पुकारे आजा', 'जादूगर सैयां छोड़ मोरी बैयां' लिखे। संगीतकार हेमंत कुमार के शानदार संगीत और लता मंगेशकर की आवाज ने इन गीतों को जो जिंदगी दी, वह आज भी इसके चाहने वालों के दिलों में धड़कन की तरह धड़कते हैं। सरल, सहज जबान में लिखे राजेन्द्र कृष्ण के गीत लोगों के दिलों में बहुत जल्द ही अंदर तक उतर जाते थे। जहां उन्हें मौका मिलता, उम्दा शायरी भी करते। संगीतकार मदन मोहन के लिए उन्होंने जो गाने लिखे, वह अलग ही नजर आते हैं। मिसाल के तौर पर फिल्म 'अदालत' में राजेन्द्र कृष्ण ने एक से बढ़कर एक बेमिसाल गजलें 'उनको ये शिकायत है कि हम कुछ नहीं कहते', 'जाना था हमसे दूर बहाने बना लिए' और 'यूं हसरतों के दाग मुहब्बत में धो लिए' लिखीं। अपनी मखमली आवाज से पहचाने जाने वाले सिंगर तलत महमूद के जो सुपर हिट गीत हैं, उनमें से ज्यादातर राजेन्द्र कृष्ण के लिखे हुए हैं। यकीं न हो तो खुद ही देखिए 'ये हवा ये रात ये चांदनी तेरी इक अदा पे निसार है' (फिल्म-संगदिल), 'हमसे आया न गया, तुमसे बुलाया न गया' (फिल्म-देख कबीरा रोया), 'आंसू समझ के क्यूं मुझे आंख से तुमने गिरा दिया' (फिल्म-छाया), 'फिर वही शाम वही गम वही तनहाई है', 'मैं तेरी नजर का सुरूर हूं, तुझे याद हो के न याद हो' (फिल्म-जहांआरा)।

फिल्म की हर सिचुएशन पर राजेन्द्र कृष्ण को गीत लिखने की महारत हासिल थी। जिंदगी के हर रंग और हर भाव पर उन्होंने गीत लिखे। ये सभी गीत सुपर हिट हुए। उनके सुपर हिट गीतों की एक लंबी फेहरिस्त है, जो कभी भुलाए नहीं जाएंगे। 'चल उड़ जा रे पंछी..' (फिल्म-भाभी), 'जहां डाल डाल पर सोने की चिड़ियां करती हैं बसेरा' (फिल्म- सिकन्दर-ए-आजम)। गीतकार राजेंद्र कृष्ण ने तकरीबन 300 फिल्मों के लिए एक हजार से ज्यादा गीत लिखे। सौ से ज्यादा फिल्मों की कहानी, संवाद और पटकथा लिखीं। जिसमें उनके द्वारा लिखी कुछ प्रमुख फिल्में 'पड़ोसन', 'छाया', 'प्यार का सपना', 'मनमौजी', 'धर्माधिकारी', 'मां-बाप', 'साधु और शैतान' हैं। एक वक्त ऐसा भी था, जब राजेन्द्र कृष्ण उन्हीं फिल्मों में गीत लिखते थे, जिसमें उनके संवाद और पटकथा होती थी। अपने फिल्मी लेखन के बारे में राजेन्द्र कृष्ण की एक इंटरव्यू में कैफियत थी, ''आम तौर पर एक फिल्म में छः या सात गीत होते हैं। जिसमें रोमांटिक सिचुएशन ज्यादा होती है। उसमें तो कोई पैगाम नहीं दिया जा सकता। मगर क्योंकि मैं स्क्रिप्ट राइटर भी हूं, संवाद भी लिखता हूं तो इसलिए कोई न कोई सिचुएशन ऐसी निकाल लेता हूं जिसमें देशभक्ति, भजन, या समाजवाद की बात हो या गजल हो जाए।''

बहरहाल, राजेन्द्र कृष्ण को जब भी मौका मिला, उन्होंने अपने गीतों और संवादों से देशवासियों को सरल शब्दों में एक संदेश दिया। सीधे-सच्चे लफ्ज और सादा अंदाज में वे ऐसे गीत लिखते थे, जो दिलों में गहरे तक उतर जाते थे। अपने शानदार गीतों के लिए राजेन्द्र कृष्ण कई पुरस्कारों और सम्मान से भी नवाजे गए। साल 1965 में उन्हें 'तुम्ही मेरे मंदिर, तुम्ही मेरी पूजा' (फिल्म-खानदान) गीत के लिए सर्वश्रेष्ठ गीतकार का फिल्मफेयर पुरस्कार मिला।

**(ये लेखक के अपने विचार हैं)**

व्यंग्य

# केजी-2 वाट्सएप समूह में आपका स्वागत है...!!



भूपेन्द्र भारतीय
व्यंग्यकार

बाप बना तो एक बार फिर मैं भी कुछ दिन पहले केजी-2 की वाट्सएप कक्षा में बाहरी रूप से भर्ती हो गया। जैसे आजकल हर कोई कही भी बैठकर किसी भी संस्था में वाट्सएप के माध्यम से भर्ती हो जाता है। मैं भी फिर से ऐसे ही एक आभासी स्कूल में भर्ती हो गया। मेरे समय में पहली कक्षा से ही स्कूल की शुरुआत होती थी। पांचवीं कक्षा से ड्रेस कोड जैसी आफत आती थी। टिफिन के नाम पर माड्साब की छड़ी व पानी स्कूल के पास लगे हेंडपंप से ही पिया जा सकता था। आजकल जैसे केजी वन, केजी टू, प्ले स्कूल, किंडर गार्डन आदि का झंझट नहीं था। इन दिनों बाप बनना भी कोई मजाक थोड़े है। सुबह उठते ही बच्चों के स्कूल के लिए कुदाफांदी शुरू। सुबह सुबह स्कूल वाले से ज्यादा माँ -बाप की फजीहत !वाह रे मेरी आधुनिक शिक्षा नीति। बाप बनकर भी फिर से स्कूल की माथापच्ची करनी पड़ेगी पता ही नहीं था।

मैं केजी-2 के वाट्सएप समूह में शामिल तो कर लिया गया। लेकिन मुझे बहुत बाद में पता चला कि इसमें पढ़ाई नहीं होगी। बल्कि इस समूह के माध्यम से मुझे एक आज्ञाकारी बाप बनाया जाएगा। मुझे अपने बच्चे का टिफिन कैसे तैयार करना है। उसकी मां का कैसे हाथ बटाना है। टिफिन में किस दिन क्या रखना है और कौन से रंग की सब्जी रखना है और किस दिन कौनसे रंग की रोटी रखना है। इस टिफिन संहिता का ज्ञान मुझे इस वाट्सएप समूह से मिलने लगा। मैं अब जाकर हमारी अंग्रेजी मानसिकता वाली चमत्कारी शिक्षा नीति को समझने लगा। किस दिन किस रंग की ड्रेस व कब रंगीन कपड़े पहनना है ! किस दिन स्कूल में पढ़ाई होगी और किस दिन सिर्फ़ गतिविधि होगी, यह समझना मेरे लिए मुश्किल हो गया है।

आजकल के स्कूलों में गतिविधि को सुंदर अक्षरों में लिखते हुए "एक्टिविटी" का नाम दिया जाता है। कब कौन सी एक्टिविटी का संदेश वाट्सएप कक्षा में आ जाए! मेरी धड़कन बढ़ी रहती है। हमारे समय के माड्साब इतना नहीं डराते थे, जितना आजकल के ये एक्टिविटी मैसेज डरा देते है। एक्टिविटी मेरे बच्चे को करना है लेकिन माँ-बाप की एक्टिविटी पहले से ही शुरू हो जाती है।

इधर एक्टिविटी का वाट्सएप संदेश आया और बाप-माँ को अपनी एक्टिवा उठाकर बाजार से एक्टिविटी के लिए सामान खरीदने के लिए भागना पड़ता है। मानों गतिविधि ना हुई सनी देओल की "गदर-2" हो गई हो ! पूरे केजी-2 समूह में गदर मच जाती है। कभी कभी तो लगता है कि मुझे अब शिक्षा के बिजनेस में उतर ही जाना चाहिए। इसमें अपार संभावनाएं हैं। आजकल इसमें गजब की एक्टिविटी हो रही है। मेरे केजी-2 वाट्सएप समूह में मुझे एक बार फिर अपने बचपन को पास से देखने का अनुभव हो रहा है। लेकिन यह कैसा बचपन ? सुबह से उठो और फिर स्कूल की बस में चढ़ो तो शाम तक घर आओ! और शाम को घर आते ही फिर कोचिंग के लिए भागो? कोचिंग का वाट्सएप समूह अलग है। उसपर भी मुझे बहुत कुछ सीखने को मिलता है। डांट भी पड़ती है। उस समूह में मैं अतिरिक्त खर्चा करके सीख रहा हूं व अपने बच्चे को पढ़ा रहा हूं! उस समूह में भी एक्टिविटी की कभी कभी चर्चा होती हैं। कभी कभी कोचिंग वाले वाट्सएप समूह में भी एक्टिविटी का संदेश आता है और मेरी धड़कने बढ़ने लगती हैं!

इस तरह की वाट्सएप कक्षाओं के माध्यम से मेरा तो हमारी सरकार व शिक्षा विभाग से निवेदन है कि हमारी नई शिक्षा नीति में शिक्षा के साथ साथ एक्टिविटीयों का भी अलग से एक विषय रखना चाहिए। और हो सके तो सरकार को एक एक्टिविटी विभाग बना देना चाहिए। सरकार के हर विभाग की सारी एक्टिविटीयों को एक्टिविटी विभाग ही देखे। मेरे इस समूह में बड़े बड़े दिग्गज अभिभावक भर्ती हैं। लेकिन यहां वे भी सीख ही रहे हैं। संदेशों का पालन करने में भागदौड़ करते रहते हैं।

बड़े अधिकारी, कलेक्टर, जज, बिजनेसमैन, पुलिस जैसे अभिभावक होकर भी बच्चों के स्कूल की एक्टिविटीयों के सामने नतमस्तक है। केजी-2 समूह में रहकर मन में विचार आता है कि मैं अपने बच्चे को शिक्षा के लिए स्कूल भेजा रहा हूँ ? या फिर किसी फिल्म की शुटिंग में भेज रहा हूँ ! वहीं समूह के संदेशों से लगता है कि किसी कंपनी के द्वारा अपने कर्मचारियों को घर आते ही वाट्सएप संदेश भेजकर फिर वर्क फर्म होम' पर लगा दिया गया है...।


नॉलेज कॉर्नर: अमेरिका के कुछ स्थानों पर प्रतिबंधित है यह प्रथा

# मुफ्त में यात्रा करने का तरीका 'हिचहाइकिंग'

भारतीय सिनेमा की 90 के दशक में कई ऐसी फिल्में आई, जिसमें अभिनेत्री को किसी दूसरी गाड़ी में लिफ्ट लेते दिखाया गया। अभिनेत्री आती है अपनी कलाकारी दिखाते हुए मुफ्त में यात्रा करने के लिए गाड़ी के मालिक से पूछती है और वह उसमें बैठकर अपने गंतव्य की ओर चली जाती है। अन्य व्यक्ति की गाड़ी में जगह पाने की इस स्थिति को आजकल कई यात्री अपना रहे हैं। दरअसल यह प्राचीन प्रथा है, जिसमें एक व्यक्ति मुफ्त में यात्रा करता है। इस प्रथा को हिचहाइकिंग कहा जाता है। यह कुछ देशों में कानूनी तो कुछ देशों में गैर कानूनी प्रथा है। कुछ यात्री तो सालों साल तक हिचहाइकिंग के माध्यम से वाहन में सवारी करते हैं। इस बारे में जानेंगे आज के कॉर्नर में...

## अजनबियों के वाहन में सवारी

हिचहाइकिंग को थंबिंग, ऑटोस्टॉप या हिचिंग के रूप में भी जाना जाता है। दरअसल यह परिवहन का वह तरीका है जिसमें यात्री आमतौर पर किसी अजनबी के वाहन में सवारी करता है। हालांकि अन्य व्यक्ति की कार या वाहन में पूछकर ही सवारी की जाती है। आमतौर पर यात्रा मुफ्त होती है, लेकिन कभी-कभी गाड़ी मालिक रुपए की मांग भी कर सकता है। 20वीं सदी में इसका प्रचलन अधिक बढ़ा है, जब अधिकांश हिस्सों में यात्रा के लिए प्राथमिक साधन के रूप में हिचहाइकिंग का उपयोग किया गया। वर्तमान में भी हिचहाइकिंग की जाती है। सबसे पहले हिचहाइकिंग की शुरुआत वर्ष 1971 में हुई, जब वियतनाम युद्ध चल रहा था। इस दौरान चालकों ने सहयात्रियों को विभिन्न संदेश संप्रेषित करने के लिए इस तरीके का आविष्कार किया।



## यूं होती हिचहाइकिंग

हिचहाइकिंग करने के लिए यात्री को कुछ सिग्नल्स का पालन करना पड़ता है। इसके लिए सहयात्री को इशारों या संकेत का सहारा लेना पड़ता है। इन विभिन्न संकेतों का उपयोग कर उन्हें सवारी की इजाजत दी जाती है। ये संकेत भौतिक या लिखित हो सकते हैं। इसमें शारीरिक हावभाव, जैसे- हाथ के संकेत, पैरों के संकेत जैसे प्रदर्शन शामिल होते हैं। अफ्रीकी देशों में सहयात्री का हाथ इस प्रकार पकड़ा जाता है, जिसमें हथेली ऊपर की ओर होती है। हालांकि संयुक्त राज्य अमेरिका में हिचहाइकिंग को रोकने के लिए नियम बनाए गए। कनाडा में भी कई मार्गों पर यह प्रतिबंधित है।

**हर देश के अलग नियम**

*हिचहाइकिंग के लिए प्रत्येक देश में अलग नियम निर्धारित हैं। यूरोप, उत्तरी अमेरिका, दक्षिण अमेरिका और ऑस्ट्रेलिया में इसके लिए सहयात्री को यात्रा की दिशा की ओर अपनी पीठ करके खड़े होना पड़ता है। आमतौर पर बंद हाथ के अंगूठे को ऊपर की ओर या वाहन यात्रा की दिशा में रखते हुए अपना हाथ सड़क की ओर बढ़ाता है।* ***कंटेंट: सुप्रिया सरकार***

X



**दीया कुमारी,** बीजेपी सांसद, राजस्थान
@KumariDiya
हमारी बहनों-बेटियों की सुरक्षा तो छोड़िए, ये सरकार उन्हें न्याय भी नहीं दिला पा रही है।




**अमिताभ बच्चन,** बॉलीवुड अभिनेता
@SrBachchan
काल हुई है दिन कि, चले हैं काम पे हम, काम करो तुम ज्यादा और आवाज उठाओ कम।



**जगदीश वासुदेव,** योग गुरु
@SadhguruJV
परमानंद केवल एक व्यक्ति का गुण नहीं है-यह स्वयं प्रकृति का गुण है। इस संस्कृति में, हम 'ब्रह्मानंद' कहते हैं, जिसका अर्थ है कि संपूर्ण सृष्टि आनंदमय है।



**अनुपम खेर,** अभिनेता
@AnupamPKher
जब एक #ऑस्कर विजेता आप पर उपकार करता है, आपको एक विशेष तकनीक के साथ पियानो सिखाता है और फिर आपकी धुन पर गाता है, तो आप जानते हैं कि भगवान आपकी तरफ है! और कुछ सुंदर घटित होने वाला है।


गांधी जी की अमूल्य विरासत को संरक्षित करती
राजस्थान सरकार
• गांधी वाटिका •
का लोकार्पण द्वारा
श्री मल्लिकार्जुन खड़गे माननीय नेता प्रतिपक्ष, राज्यसभा
श्री राहुल गांधी माननीय सांसद, लोकसभा
श्री अशोक गहलोत माननीय मुख्यमंत्री, राजस्थान
दिनांक: 23 सितंबर, 2023 समय: सायं 4:00 बजे
स्थान: गांधी वाटिका, सेन्ट्रल पार्क, टोंक रोड, जयपुर
विशेषताएं -
• गांधी वाटिका का निर्माण 2021-22 बजट घोषणा के अनुरूप किया गया है।
• 14500 वर्गमीटर क्षेत्र में 85 करोड़ रुपये की लागत से निर्माण करवाया गया है।
• यह देश का पहला म्यूजियम है, "गांधी वाटिका", जहां होलोग्राफिक टेक्नोलॉजी के इस्तेमाल से गांधीजी की तस्वीरें बोलती हैं और जहां इतिहास आपके साथ चलने लगता है ।
• यह नई पीढ़ी को गांधी जी के दर्शन व शिक्षा से प्रेरित करेगी।
राष्ट्रपिता का दर्शन व विचार
प्रसारित करती प्रदेश सरकार
राजस्थान देश का एकमात्र राज्य है जहां शांति एवं अहिंसा विभाग बनाया गया है एवं गांधी दर्शन शिविरों के माध्यम से गांधीजी की विचारधारा को हर गांव-गांव तक पहुंचाने का प्रयास किया जा रहा है। राष्ट्रपिता महात्मा गांधी को जानने के लिए गांधी वाटिका म्यूजियम एक नया माध्यम बनेगा।
- अशोक गहलोत, मुख्यमंत्री, राजस्थान
LIVE प्रसारण देखने के लिए
लॉग ऑन करें -
@AshokGehlot.Rajasthan
या स्कैन करें
राजस्थान संवाद
जयपुर विकास प्राधिकरण
इंदिरा सर्किल, जवाहर लाल नेहरू मार्ग, जयपुर - 302004

## जरूरी खबर

### पीएम कल 9 वंदे भारत ट्रेन को दिखाएंगे हरी झंडी



**नई दिल्ली।** देश को आने वाले दिनों में एक साथ नौ वंदे भारत एक्सप्रेस ट्रेनों का तोहफा मिलने जा रहा है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी इन सभी ट्रेनों को 24 सितंबर को वर्चुअल हरी झंडी दिखाकर रवाना करेंगे। इनमें नए स्वरूप वाली वंदे भारत यानी ऑरेंज रंग की ट्रेन भी शामिल है। इसे कासरगोड से त्रिवेंद्रम के बीच चलाया जा सकता है। इसके अलावा आठ वंदेभारत नीले रंग वाली ही होंगी। 24 सितंबर से प्रस्तावित वंदे भारत कासरगोड से त्रिवेंद्रम, जयपुर से उदयपुर, पटना से हावड़ा, रांची से हावड़ा, हैदराबाद से बेंगलुरु, चेन्नई से तिरुनेलवेली, इंदौर से जयपुर, पुरी से राउरकेला, विजयवाड़ा से चेन्नई, जामनगर से अहमदाबाद के बीच चलेंगी।

### विक्रम और प्रज्ञान से नहीं मिले संकेत आज संपर्क संभव



**अहमदाबाद।** भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन (इसरो) ने शुक्रवार को कहा कि विक्रम लैंडर और प्रज्ञान रोवर के साथ संचार स्थापित करने के प्रयास किए गए हैं, ताकि उनके जागने की स्थिति का पता लगाया जा सके। लेकिन अभी तक वहां से कोई संकेत नहीं मिले हैं। संपर्क स्थापित करने के प्रयास जारी रहेंगे। इससे पहले इसरो के अहमदाबाद स्थित अंतरिक्ष उपयोग केंद्र (एसएसी) के निदेशक नीलेश देसाई ने बताया कि चंद्रमा के दक्षिणी ध्रुव पर उतरे भारत के लैंडर विक्रम और रोवर प्रज्ञान से 23 सितंबर को संपर्क किया जाएगा।

### भारत बड़ी निर्यात शक्ति बनकर उभरा: बीसीजी

**नई दिल्ली।** बोस्टन कंसल्टिंग ग्रुप (बीसीजी) की एक रिपोर्ट के अनुसार, दुनिया की सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था अमेरिका चीन से अपने आयात में भारी कटौती करना चाह रही है, और भारत इस संदर्भ में अमेरिकी कंपनियों के लिए भविष्य की उभरती निर्यात शक्तियों में से एक है। भारत, मैक्सिको और दक्षिण पूर्व एशिया बहुत तेजी से निर्यात विनिर्माण के पावरहाउस बनकर उभर रहे हैं। ये तीनों ही प्रतिस्पर्धी लागत संरचनाएं, श्रम की व्यापक उपलब्धता और विविध उद्योगों में बढ़ती हुई स्केल और क्षमताएं प्रदान करते हैं।

## नौसेना ने दिखाया रण कौशल



*नई दिल्ली। भारतीय नौसेना के स्वदेश निर्मित युद्धपोत आईएनएस सह्याद्रि ने 20 से 21 सितंबर तक रॉयल ऑस्ट्रेलियाई नौसेना और इंडोनेशियाई नौसेना के जहाजों और विमानों के साथ पहले त्रिपक्षीय समुद्री साझेदारी अभ्यास में भाग लिया। इस दौरान अपना रण कौशल दिखाते हुए युद्धपोत।*

### राजस्थान: 25 से मानसून की वापसी संभव

**नई दिल्ली।** मनसून वापस जाने के लिए तैयार है। भारत मौसम विज्ञान विभाग ने शुक्रवार को कहा कि दक्षिण पश्चिम मानसून के 25 सितंबर के आसपास उत्तर पश्चिम भारत से वापसी शुरू करने की संभावना है। आमतौर पर, दक्षिण-पश्चिम मानसून 1 जून तक केरल में अपनी शुरुआत करता है और 8 जुलाई तक पूरे देश को कवर कर लेता है। इसके बाद यह 17 सितंबर के आसपास उत्तर-पश्चिम भारत से पीछे हटना शुरू कर देता है और 15 अक्टूबर तक पूरी तरह से लौट जाता है। राजस्थान के कुछ हिस्सों से दक्षिण-पश्चिम मानसून की वापसी के लिए परिस्थितियां अनुकूल होती जा रही हैं। आईएमडी ने कहा, अगले पांच दिनों तक उत्तर-पश्चिम और आसपास के पश्चिम-मध्य भारत में कम वर्षा गतिविधि जारी रहने की उम्मीद है। 25 सितंबर के आसपास उत्तर पश्चिम भारत से मानसून की वापसी भारतीय उपमहाद्वीप से इसकी वापसी की शुरुआत का प्रतीक है। मानसून की वापसी में किसी भी देरी का मतलब है, लंबे समय तक बारिश का होना।

## नारी शक्ति वंदन अधिनियम: भाजपा ने मनाया जश्न तो कांग्रेस ने साधा केंद्र सरकार पर निशाना

# देश की जनता ने मौका दिया, हमने वचनबद्धता पूरी की: पीएम मोदी

एजेंसी । नई दिल्ली

**■ आने वाली हर पीढ़ी तक इस दिवस की और निर्णय की चर्चा होगी**

**जब पूर्ण बहुमत की सरकार होती है, तो ऐसे ही मजबूत फैसले लिए जाते हैं।**

**■ कुछ दलों को बिल के नाम को लेकर तकलीफ**

महिला आरक्षण बिल-नारी शक्ति वंदन अधिनियम के संसद के दोनों सदनों में पारित होने बाद शुक्रवार को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का भाजपा मुख्यालय पर जोरदार स्वागत किया गया। इस मौके पर उन्होंने महिलाओं को संबोधित करते कहा कि 20 और 21 सितंबर को हम सबने एक नया इतिहास बनते देखा है। हम सबका सौभाग्य है कि ये अवसर हमें मिला है। आने वाली हर पीढ़ी तक इस दिवस की और इस निर्णय की चर्चा होगी। हमारा कमिटमेंट था। इसे हमने पूरा करके दिखाया है। ये इतिहास बनाने का अवसर कोटि-कोटि जनों ने हमें दिया है। ।

उन्होंने कहा, महिला आरक्षण बिल पर समर्थन देने के लिए सभी दलों का धन्यवाद. इसके साथ ही हर माता-बहन और बेटियों को भी बधाई। विपक्ष पर निशाना साधते हुए पीएम मोदी ने कहा, तीन दशकों से इसको लाने की कोशिश की जा रही थी, लेकिन ये संभव नहीं हो पा रहा था। आज ये देश की जनता की वजह से ये संभव



हो पाया क्योंकि देश की जनता ने पूर्ण बहुमत की सरकार बनाई। इसीलिए सरकार पूरे दम से काम कर पा रही है। ये हमारा कमिटमेंट था। इसे हमने पूरा करके दिखाया है। जब पूर्ण बहुमत की सरकार होती है, तो ऐसे ही मजबूत फैसले लिए जाते हैं।

पीएम मोदी ने महिला आरक्षण बिल का नाम को लेकर कहा, सभी लोगों ने इस बिल को लेकर वोट तो दिया लेकिन कुछ लोगों को तकलीफ इस बात की थी कि इसे नारी शक्ति वंदन अधिनियम नाम क्यों दिया। पूर्ण बहुमत की सरकार नहीं होती तो मुश्किल होती। इसीलिए केंद्र में पूर्ण बहुमत की सरकार बेहद जरूरी है।

### जी 20 सम्मेलन से जुड़े कर्मियों से मिले पीएम मोदी, -कहा हम सभी मजदूर

पीएम मोदी ने दिल्ली के भारत मंडपम में जी-20 शिखर सम्मेलन में शामिल अधिकारियों, ग्राउंड स्टाफ सहित अन्य कर्मचारियों को शुक्रवार को संबोधित किया। पीएम ने कहा कि सम्मेलन की सफलता का श्रेय आप सभी को जाता है। आप सबने मिलकर देश का नाम रोशन किया है। मेरा आप लोगों से आग्रह है कि आप जब से इस काम से जुड़े थे , तब से लेकर जो-जो भी हुआ, अगर आप उसको रिकॉर्ड कर दें, लिख दें और कोई वेबसाइट तैयार करें। जिसमें आपके काम, आपके अनुभव को रिकॉर्ड किया जाएद्ध भविष्य के कार्य के लिए इससे एक अच्छी गाइडलाइन तैयार हो सकती है। पीएम मोदी ने कहा कि हम सब मजदूर हैं और आज कार्यक्रम भी मजदूर एकता जिंदाबाद है। मैं थोड़ा बड़ा मजदूर हूं, आप थोड़े छोटे मजदूर हैं।

### जो बिल फाड़ते थे, उन्हें करना पड़ा समर्थन

पीएम मोदी ने बिना नाम लिए राहुल गांधी पर निशाना साधते हुए कहा, जो बिल फाड़ा करते थे, उनको समर्थन क्यों करना पड़ा क्योंकि आज की नारी सभी पर भारी है। नारी शक्ति वंदन अधिनियम देश को बदलने का काम करेगा। नारी जब कोई काम को करने की ठान लेती है तो उसे पूरा करके ही मानती है। मातृशक्ति हम सभी के लिए प्रेरणा है। जब ये शक्ति राष्ट्र निर्माण में लगती है तो कितना विकास हो सकता है इसका अंदाजा भी लगाना मुश्किल है।

# विधेयक लागू करना है तो अभी से हो अमल: राहुल गांधी




एजेंसी। नई दिल्ली

महिला आरक्षण बिल नारी शक्ति वंदन अधिनियम को लेकर कांग्रेस सांसद राहुल गांधी ने केंद्र की मोदी सरकार हमला करते हुए कहा है कि वो ध्यान भटकाने का काम कर रही है। अगर सरकार को विधेयक को लागू करना है, तो अभी से करे। इसमें जनगणना और परिसीमन जैसे नियम क्यों जोड़े गए।

राहुल ने शुक्रवार को कांग्रेस कार्यालय में मीडिया से बातचीत में कहा, महिला आरक्षण अच्छा कदम है, लेकिन इसमें दो शर्तें लगाई गई हैं। इसे लागू करने से पहले जनगणना और परिसीमन कराना होगा। इसमें बहुत साल लगेंगे। भाजपा को इन दोनों शर्तों को हटाकर आरक्षण को तुरंत लागू करना चाहिए।

### कांग्रेस कराएगी जातिगत गणना

राहुल ने कहा, पीएम मोदी रोज ओबीसी के बारे में बात करते हैं लेकिन ओबीसी को महिला आरक्षण में शामिल क्यों नहीं किया? कांग्रेस सत्ता में आने के बाद जातिगत जनगणना कराएगी। तब पता चलेगा कि देश में कितने ओबीसी, दलित और आदिवासी हैं। राहुल ने कहा, अफसोस है कि 2010 में कांग्रेस के महिला आरक्षण बिल में ओबीसी कोटा नहीं था। सरकार ओबीसी को नहीं अडाणी को पावर देना चाहती है। मैं किसी कार्ड की बात नहीं करता हूं।

## गठबंधन: भाजपा को मिला साथ, कुनबा बढ़ा

# जद (एस) ने थामा राजग का दामन

**नई दिल्ली।** अगले लोकसभा चुनाव से पहले भाजपा नीत राजग को दक्षिण भारत में अपना कुनबा बढ़ाने में अहम सफलता मिली है। पूर्व प्रधानमंत्री एचडी देवेगौड़ा की पार्टी जनता दल (सेक्युलर) ने शुक्रवार को राजग का दामन थाम लिया। जद (एस) नेता एचडी



कुमारस्वामी ने नई दिल्ली में केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह से मुलाकात की। इसके बाद भाजपा अध्यक्ष जेपी नड्डा ने जद (एस) के राजग में शामिल होने का ऐलान किया गया। बैठक के दौरान नड्डा और गोवा के मुख्यमंत्री प्रमोद सावंत भी मौजूद रहे। तीनों नेताओं के बीच लोकसभा चुनाव को देखते हुए कर्नाटक की सीटों पर तालमेल को लेकर चर्चा हुई।

### कोविंद समिति की आज होगी बैठक

**नई दिल्ली।** वन नेशन, वन इलेक्शन की संभावाओं को लेकर गठित पूर्व राष्ट्रपति रामनाथ कोविंद की अध्यक्षता वाली कमेटी की बैठक दिल्ली में शनिवार को होगी। इसमें इसके रोडमैप को लेकर चर्चा होगी। बैठक में कोविंद के अलावा गृह मंत्री अमित शाह, कानून मंत्री अर्जुन राम मेघवाल शामिल होंगे।

## एशियाई खेल: अनुराग ठाकुर ने किया दौरा रद्द

# चीन ने तीन खिलाड़ियों की रोकी राह

**नई दिल्ली।** चीन ने एशियाई खेलों के लिए भारत के तीन वुशु खिलाड़ियों को यात्रा की अनुमति नहीं दी है। ये तीनों खिलाड़ी अरुणाचल प्रदेश के रहने वाले हैं। एशियाई खेल चीन के हांगझू में होने वाले हैं। भारत ने इसका चीन से कड़ा विरोध जताया है एवं खेल



एवं युवा मामलों के मंत्री अनुराग ठाकुर ने एशियाई खेलों के लिए अपना चीन दौरा भी रद्द कर दिया। इस मामले में विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता अरिंदम बागची ने कहा कि चीनी अधिकारियों ने पूर्व-निर्धारित तरीके से, अरुणाचल प्रदेश निवासी कुछ भारतीय खिलाड़ियों को एशियाई खेलों में मान्यता और प्रवेश से वंचित करके उनके साथ भेदभाव किया है।

## बिधूड़ी की टिप्पणी पर विवाद: विपक्ष आया दानिश के साथ

# BJP का बिधूड़ी को नोटिस, दानिश का बिरला को पत्र

एजेंसी । नई दिल्ली

भाजपा सांसद रमेश बिधूड़ी की बसपा सांसद दानिश अली पर गुरुवार को लोकसभा में की गई अमर्यादित टिप्पणी की तीखी आलोचना हुई है। भाजपा अध्यक्ष जेपी नड्डा के निर्देश पर पार्टी ने बिधूडी को शुक्रवार को कारण बताओ नोटिस जारी किया है। इससे पहले दानिश अली ने बिधूड़ी के खिलाफ लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला को पत्र लिखकर कहा था कि मामले को विशेषाधिकार समिति को भेजा जाए। दूसरी ओर, कई विपक्षी दलों ने भी मामले को विशेषाधिकार समिति को भेजने के लिए लोकसभा अध्यक्ष को पत्र लिखा है।



भाजपा ने बिधूड़ी से 15 दिन में नोटिस का जवाब मांगा है। नोटिस में बिधूड़ी से पूछा गया है क्यों नहीं उनके खिलाफ असंसदीय भाषा के इस्तेमाल के लिए कार्रवाई की जाए। वहीं, दानिश अली ने सोशल मीडिया एक्स पर कहा, क्या आरएसएस की शाखाओं और नरेंद्र मोदी जी की प्रयोगशाला में यही सिखाया जाता है? आपका कैडर जब एक चुने हुए सांसद को भरी संसद मेंअपमानित करने में कोई कसर नहीं छोड़ता तो वो आम मुसलमानों के साथ क्या करता होगा? यह सोच कर भी रूह कांप जाती है।

### न्याय नहीं मिला तो सदन छोड़ने पर विचार: दानिश

दानिश अली ने लोकसभा अध्यक्ष बिरला को पत्र लिखकर कहा है कि वह बिधूड़ी के खिलाफ नियम 222, 226 और 227 के तहत नोटिस देना चाहते हैं। मेरा आग्रह है कि इस मामले में जांच का आदेश दिया जाए। उन्होंने कहा, मुझे उम्मीद है कि मेरे साथ न्याय होगा और स्पीकर साहब कार्रवाई करेंगे। ऐसा नहीं होता है तो मैं भरे मन से इस सदन को छोड़ने पर विचार करूंगा।

### राहुल ने की दानिश अली से मुलाकात

इस बीच, कांग्रेस सांसद राहुल गांधी ने शुक्रवार को दानिश अली से उनके निवास पर मुलाकात की। उन्होंने दानिश को गले लगाया। बाद में राहुल गांधी ने एक्स पर इस मुलाकात की फोटो शेयर की है। राहुल ने एक्स पर पोस्ट में लिखा, नफरत के बाजार में मोहब्बत की दुकान। राहुल गांधी से मुलाकात के बाद दानिश अली ने कहा, वह मेरा मनोबल ऊंचा रखने और अपना समर्थन देने के लिए यहां आए। उन्होंने कहा कि मैं अकेला नहीं हूं और जो भी लोग लोकतंत्र के साथ खड़े हैं, वे मेरे साथ खड़े हैं।

### कांग्रेस ने साधा भाजपा पर निशाना

कांग्रेस ने दोनों नेताओं की मुलाकात पर एक्स पर पोस्ट कर लिखा, राहुल गांधी दानिश अली से मिलने उनके निवास पर पहुंचे। गुरुवार को संसद में भाजपा सांसद बिधूड़ी ने दानिश अली का अपमान किया था, उन्हें बेहद अमर्यादित और असंसदीय अपशब्द कहे थे और भाजपा के दो पूर्व मंत्री भद्दे ढंग से हंसते रहे।

## जी-20 समिट: बोले अमिताभ कांत

# भारत ने खुद को मजबूत वार्ताकार किया साबित

**नई दिल्ली।** जी-20 शेरपा अमिताभ कांत का कहना है कि हाल ही में संपन्न जी-20 शिखर सम्मेलन के नई दिल्ली घोषणा पत्र के भू-राजनीतिक विषयों पर आम सहमति बनाकर, भारत ने साबित कर दिया है कि वह एक मजबूत बहुपक्षीय वार्ताकार है। यहां मीडिया से बातचीत में कांत ने कहा, ना किसी पूर्वाग्रह, किसी शर्त, किसी आशंका के दस्तावेज़ पर शत-प्रतिशत सर्वसम्मति प्राप्त करना अभूतपूर्व है। भारत की अध्यक्षता ने दर्शा दिया है कि जी-20 दुनिया का सबसे शक्तिशाली बहुपक्षीय मंच हो सकता है, यहां तक कि संयुक्त राष्ट्र से भी अधिक शक्तिशाली। जी-20 राष्ट्र दुनिया की 65 प्रतिशत आबादी का प्रतिनिधित्व करते हैं और दुनिया की जीडीपी का 85 प्रतिशत हिस्सा रखते हैं।

कांत ने कहा कि शिखर सम्मेलन में अपनाई गई जी-20 घोषणा पर आम सहमति बनाने के लिए भारतीय राजनयिकों की एक टीम को 200 घंटे से अधिक की लगातार बातचीत करनी पड़ी। चूंकि किसी भी मंत्रिस्तरीय बैठक में आम सहमति नहीं बन पाई थी और सभी के पास फुटनोट थे, इसलिए अंतरराष्ट्रीय मीडिया शुरू में नतीजे को लेकर काफी सशंकित था।

## जयपुर बाय नाइट के पहले दिन कुतले खान के गीतों पर झूमे पर्यटक

# जयगढ़ फोर्ट पर 'आपणी संस्कृति' के दर्शन, लोक संगीत ने घोली मिठास

*बेधड़क.जयपुर। जयपुर बाय नाइट (जेबीएन) के पहले दिन शुक्रवार शाम को देसी और विदेशी पर्यटकों व मेहमानों ने जयगढ़ फोर्ट पर राजस्थान की अद्भुत संस्कृति, विरासत और संगीत का अविस्मरणीय अनुभव प्राप्त किया। राजस्थान मूल के प्रख्यात गायक कुतले खान ने केसरिया बालम, मूमल, सानू इक पल चैन ना आवे, छाप तिलक, मस्त कलंदर, ये जो हल्का हल्का सुरूर है, मस्त नजरों से अल्लाह बचाए आदि मंत्रमुग्ध करने वाला संगीत प्रस्तुत किया। वहीं, प्रसिद्ध बॉलीवुड फ्यूजन बैंड कनिष्क सेठ ट्रायो ने अरी सखी,की जाना, मेरे सनम के ख्वाब, दिल जोगिया, आने को है खाब, झिंझोटी, मन कुन्तो मौला, राजस्थान कॉलिंग (केसरिया) आदि गीतों की प्रस्तुति ने समां बांध दिया।*



### 3-D मैपिंग से दिखाई गुलाबी विरासत

फोर्ट पर चारबाग की पृष्ठभूमि पर 3डी मैपिंग तकनीक के माध्यम से गुलाबी शहर की विरासत और संस्कृति का विशेष प्रदर्शन देखने को मिला। इस अवसर पर अतिरिक्त मुख्य सचिव संदीप वर्मा, सचिव खाद्य नवीन जैन, सचिव समाज कल्याण डॉ. समित शर्मा, अतिरिक्त महानिदेशक पुलिस सचिन मित्तल, अतिरिक्त महानिदेशक पुलिस वीके सिंह, इजराइल, आइवरी कोस्ट और फिजी के राजदूत, सीएमडी ल्यूमैक्स दीपक जैन, सीईओ जेके सीमेंट माधव सिंघानिया उपस्थित रहे।



फोटो: पंकज शर्मा



### ये कार्यक्रम रहे विशेष आकर्षण

राजस्थानी मंडली की प्रस्तुतियां जैसे कच्ची घोड़ी, ढोल वाले, घूमर नर्तक, कालबेलिया, ज्योतिषी, लाइव कठपुतली और मेहंदी कलाकार, कैरिकेचर, टैटू कलाकार आदि भी कार्यक्रम का आकर्षण रहे। कार्यक्रम में राजस्थान सहित भारत के अन्य राज्यों जैसे महाराष्ट्र, यूपी, हरियाणा, जम्मू और कश्मीर, एचपी उत्तराखंड, पंजाब, दिल्ली, चंडीगढ़ से मेहमान शामिल हुए। इसके अतिरिक्त, कई कॉर्पोरेट्स जिनमें पुनीत कौरा, प्रबंध निदेशक, सैमटेल एवियोनिक्स अरुण मिश्रा, कार्यकारी निदेशक, वेदांता ग्रुप और चीफ ऑपरेटिंग ऑफिसर हिंदुस्तान जिंक लिमिटेड सुनील खुराना, चीफ ऑपरेटिंग ऑफिसर, जेसीबी लिमिटेड शशि अरोड़ा, अध्यक्ष एवं चीफ ऑपरेटिंग ऑफिसर, ब्लू स्टार डॉ. पीजे सिंह, एमडी, टाइनोर पराग शर्मा, संस्थापक और सीईओ, O2 पावर विनोद शर्मा, चेयरमैन एवं प्रबंध निदेशक, डेकी इलेक्ट्रॉनिक्स सहित कई अन्य शामिल रहे। गौरतलब है कि यह आयोजन कन्फेडरेशन ऑफ इंडियन इंडस्ट्री (सीआईआई) पर्यटन विभाग, राजस्थान सरकार यंग इंडियंस और सीआईआई इंडियन वूमेन नेटवर्क द्वारा संयुक्त रूप से किया जा रहा है। राजस्थान इंटरनेशनल सेंटर (आरआईसी), जयपुर में 23 सितंबर को शाम 6 बजे से 'जयपुर बाय नाइट वूमेन कार ड्राइव' का आयोजन होगा। यह जेबीएन वुमेन कार ड्राइव का तीसरा संस्करण है।

## विद्यानंद का समाधि दिवस मनाया



**बेधड़क. जयपुर।** जनकपुरी, ज्योतिनगर जैन मंदिर में दस लक्षण पर्व के दौरान शौच धर्म की पूजा के बाद राष्ट्र संत आचार्य विद्यानंद का समाधि दिवस मनाया गया। प्रबंध समिति अध्यक्ष पदम जैन बिलाला ने बताया कि सुबह मंडल पर विश्व शांति के लिए बीजाक्षर युक्त शांतिधारा करने का सौभाग्य केसर देवी बाकलीवाल व शरद गोधा परिवार को तथा वेदी पर सौभाग्य मल पाटनी परिवार को मिला।

## सुंदरकांड को दिया नया स्वरूप



**बेधड़क. जयपुर।** वरिष्ठ संगीत गुरु पं. राजीव भट्ट और उनकी शिष्या रेखा भट्ट ने सुंदरकांड और हनुमान चालीसा को नए अंदाज में तैयार करवाया है। खास बात यह है कि अभी तक इन दोनों आध्यात्मिक रचनाओं का गायन पुरुषों द्वारा ही किया जाता था, लेकिन राजीव और रेखा ने इसे संगीत सीख रही नवयुवतियों के स्वरों में कंपोज कराया है। उन्होंने बताया कि स्वरमय म्यूजिक अकादमी के बैनर पर तैयार इन रचनाओं की धुन शास्त्रीय संगीत पर आधारित है, जो सुनने वालों को नई अनुभूति के साथ आध्यात्मिक आनंद भी देती है। इन रचनाओं की प्रस्तुति पिछले दिनों निधि शर्मा, सोनम शर्मा और आदित्य चतुर्वेदी ने बापूनगर और प्रताप नगर में दी।

## शहर में बढ़ा सूफी नाइट का ट्रेंड



**बेधड़क. जयपुर।** जयपुराइट्स सूफियाना अंदाज को पसंद कर रहे हैं। यही कारण है कि शहर में सूफी नाइट का ट्रेंड बढ़ा है। इसी कड़ी में अब सूफी सिंगर तौफीक साबरी जयपुराइट्स को सूफी शाम की सैर कराएंगे और अपनी सिंगिंग की जादूगरी सूफियाना अंदाज पेश करेंगे। इसके लिए थीम भी खास होती है और रेड थीम पर सूफी नाइट सजाना का ट्रेंड चल रहा है। अब क्लब एलेक्सिया में साबरी की ये सूफी रेड थीम नाइट खास होगी। आयोजक कमलेश यादव ने बताया, ये एक फ्राई-डे सूफी नाइट होगी, जिसमें जयपुराइट्स पार्टिसिपेट करेंगे। पार्टी एक्सपर्ट विकास चौधरी ने बताया इस दौरान सूफी आर्टिस्ट का पूरा ग्रुप जयपुराइट्स को सूफी गानों से चीयरअप करेगा।

# City इवेंट्स

## जैन मंदिर में मनाया उत्तम शौच धर्म



**बेधड़क. जयपुर।** श्रीपार्श्वनाथ दिगंबर जैन मंदिर, त्रिवेणी नगर में वीतराग दस लक्षण धर्म के चौथे दिन उत्तम शौच पर्व मनाया गया। नरेश कासलीवाल ने बताया कि सुबह भगवान के अभिषेक का सौभाग्य राजकुमार, अजय, विजय, नीलकमल पांड्या परिवार द्वारा मंत्रोच्चारण के बीच शांतिधारा की गई। महिला मंडल की अध्यक्ष संतोष सौगानी व मंत्री शिमला पापड़ीवाल ने बताया कि रात में सांस्कृतिक कार्यक्रम में दीप प्रज्वलन समाजसेवी शैलेन्द्र-मनीषा, संजय-सुषमा जैन परिवार द्वारा किया गया।

## रियल कबड्डी की मनोरंजक शुरुआत



**बेधड़क. जयपुर।** कबड्डी प्लेयर्स ने कई स्टंट से खेल को और रोमांचक बना दिया। कड़े मुकाबलों में सभी प्लेयर्स ने जीत की जेद्दोजहद की। नजारा था आत्लैंचर स्पोर्ट्स प्राइवेट लिमिटेड की ओर से आयोजित रियल कबड्डी सीजन -3 का। सीतापुरा स्थित जी स्टूडियो में धमाकेदार शुरूआत में इंडिया गॉट टैलेंट फेम 'क्रेजी हॉपर्स' ने हैरतअंगेज प्रस्तुति दी। उद्घाटन समारोह में रणविजय सिंघ के साथ वरुण सूद, अंगद बेदी, बसीर अली, शिव ठाकरे और श्रुति सिन्हा जैसे बॉलीवुड स्टार्स थे। पहला मुकाबला चंबल पाइरेट्स और जोधाणा वॉरियर्स के बीच और दूसरा जयपुर जागुआर्स और सिंघ सूरमा के बीच हुआ। रीअल कबड्डी के सीईओ शुभम चौधरी ने कहा कि हम मनोरंजक प्लैटफॉर्म देना चाहते थे।

## राजनीति-वर्ल्ड सिनेमा पर टॉक शो आज





**बेधड़क. जयपुर।** सिनेमा इंडिया इंटरनेशनल ट्रस्ट की ओर से शनिवार को जयपुर में राजनीति और वर्ल्ड सिनेमा विषय पर विशेष टॉक शो होगा। शाम 5 बजे से झालाना स्थित ऑफिसर्स क्लब में होने वाले कार्यक्रम में देश के जाने-माने फिल्म समीक्षक अजीत राय विचार साझा करेंगे। आर्किटेक्ट संजय कोठारी विभिन्न सवालों के जरिए चर्चा का संचालन करेंगे। कार्यक्रम में पार्श्व गायक उद्धव ओझा खुद के कंपोज किए और गाए सुपर हिट गीतों की प्रस्तुति देंगे। प्रवेश निःशुल्क रहेगा। गौरतलब है अजीत राय भारतीय फिल्म और रंगमंच समीक्षक हैं। उन्होंने राष्ट्रीय नाट्य विद्यालय संस्कृति मंत्रालय भारत सरकार की पत्रिका रंग प्रसंग के संपादक के रूप में काम किया है।

## पंचायती राज विभाग के सम्मेलन में विमर्श

# बाल विवाह के खिलाफ लड़ाई में समाज की सामूहिक जिम्मेदारी




**बेधड़क | जयपुर**

राज्य में 2030 तक बाल विवाह को पूरी तरह खत्म करने के लक्ष्य को हासिल करने के लिए राजस्थान सरकार के विभिन्न महकमों के साथ गहन विचार विमर्श किया गया। मौका था नोबेल शांति पुरस्कार सम्मानित कैलाश सत्यार्थी के संगठन बचपन बचाओ आंदोलन (बीबीए) के बाल विवाह मुक्त भारत अभियान से स्वयंसेवी संस्थाओं को जोड़ने के लिए राजस्थान पंचायती राज विभाग के सम्मेलन का।

सत्यार्थी द्वारा पिछले साल 'बाल विवाह मुक्त भारत' के आह्वान पर इस बुराई के खिलाफ दुनिया का सबसे बड़ा जमीनी अभियान चलाया जा रहा है। 'बचपन बचाओ आंदोलन' के कार्यकारी निदेशक धनंजय टिंगल ने बताया कि अभियान की कमान महिलाओं के हाथ में है। इसके तहत राजस्थान सहित देश के सभी राज्यों में परामर्श सम्मेलन आयोजित किए जा रहे हैं। इस अवसर पर मुख्य अतिथि व राजस्थान राज्य बाल अधिकार संरक्षण आयोग (आरएससीपीसीआर) की अध्यक्ष संगीता बेनीवाल, विशिष्ट अतिथि व राजस्थान पंचायती राज विभाग के संचिव व आयुक्त रवि जैन, महिला सशक्तीकरण निदेशालय के राज्य अभियान समन्वयक डॉ. जगदीश प्रसाद, राजस्थान विधिक सेवाएं प्राधिकरण (आरएसएलएसए) की उप-सचिव स्वाति राव, जयपुर बाल कल्याण समिति अध्यक्ष शीला सैनी, सीडब्लूसी बूंदी अध्यक्ष सीमा पोद्दार के अलावा पंडित पुरुषोत्तम भारती, जसवीर सिंह, नेहा जैन और पादरी विजय पॉल आदि मौजूद रहे।

## स्वामी केशवानंद इंस्टीट्यूट में वेलनेस कैंप

# स्टूडेंट्स और टीचर्स ने जाने तन-मन स्वस्थ रखने के गुर



**बेधड़क | जयपुर**

स्वामी केशवानंद इंस्टीट्यूट ऑफ टैक्नोलॉजी के स्टूडेंट्स ने शारीरिक व मानसिक विकारों के कारण व निवारण के बारे में एक्सपर्ट्स से जाना। मौका था एसकेआईटी के ऑफिस ऑफ स्टूडेंट अफेयर्स की ओर से आयोजित तीन दिवसीय वेलनेस कैम्प का।

वर्तमान समय में जीवन शैली में बदलाव की वजह से लोगों के जीवन में घर कर रही नकारात्मकता, अवसाद एवं शारीरिक-मानसिक विकारों के समाधान के लिए एक्सपर्ट्स ने प्रतिभागियों को टिप्स दिए। शुभारम्भ ऑफिस ऑफ स्टुडेण्ट अफेयर्स की हेड प्रो. संगीता व्यास ने किया।

बेबीलोन हॉस्पिटल की डाइटिशियन एवं न्यूट्रिशनिस्ट डॉ. सुरभि पारीक ने श्रोताओं को स्वस्थ जीवनशैली के लिए स्वस्थ भोजन पदार्थों की जानकारी दी। दूसरे दिन मोटिवेशनल स्पीकर डॉ. शेखर कपूर एवं उनकी सहयोगी डॉ. योगिता ने विभिन्न गतिविधियों तथा भाषण के माध्यम से श्रोताओं का उत्साहवर्धन किया। एमएनआईटी की डीन स्टूडेंट वेलफेयर ऑफिस में वेलनेस संचालक प्रो. रितिका महाजन ने अवसाद नियन्त्रण के टिप्स दिए। कैम्प के दौरान संस्था के प्रिंसीपल डॉ. रमेश कुमार पचार भी उपस्थित थे। कार्यक्रम के कॉर्डिनेटर, ऑफिस ऑफ स्टूडेण्ट अफेयर्स के शिक्षक सदस्य कैलाश सोनी, डॉ. चन्दन कुमार एवं डॉ. स्वाति जोशी थे। मंच संचालन अदिति एवं यशवर्धन शर्मा ने किया तथा तकनीकी सहयोग दीपेश दौर, आदित्य दाधीच एवं अनन्त खंडेलवाल का रहा।

**रवींद्र मंच** 'हिंद स्वराज' नाटक में गांधी विचारधारा को दिखाने का प्रयास

# युवा गांधी के नाम से तो परिचित, गांधी दृष्टि से नहीं

**बेधड़क | जयपुर**

जयपुर के मंच पर कलाकारों ने गांधी जीवन पर वृत्त, परस्पर संबंध व गांधी विचारधारा को दिखाने का प्रयास किया। प्रस्तुतियों में बताया गया कि स्वंत्रता का अर्थ सिर्फ सत्ता का परिवर्तन नहीं, बल्कि उस जीवन पद्धति का परिवर्तन है। गांधी इसलिए बार-बार अंग्रेजी सभ्यता हटाने की और उसे छोड़ने की बात करते हैं। आज सबसे बड़ा संकट विचार का है। वर्तमान राजनीतिक, सांस्कृतिक, साहित्यिक परिदृश्य में विचार ही लुप्त हो रहे हैं। मौका था रवींद्र मंच की स्थापना के 60 साल पूर्ण पर मनाई जा रही हीरक जयंती पर कला, साहित्य, संस्कृति व पुरातत्व विभाग और रवींद्र मंच की ओर से टैगोर योजना के तहत इप्टा जयपुर की ओर से हिंद स्वराज नाटक के मंचन का। नाटक मोहनदास करमचंद गांधी की मूल रचना है, जिसका निर्देशन जयपुर के वरिष्ठ रंगकर्मी संजय विद्रोही ने किया।



### क्या हमने वह आजादी प्राप्त की...?

कलाकारों ने मैसेज देते हुए अपने जीवंत अभिनय से नाटक में बताया कि गांधी ने जिस आजाद भारत का ख्वाब 'हिंद स्वराज' के रूप में देखा, क्या हमने वह आजादी प्राप्त की...? सिर्फ गोरे शासक बदले और काले शासक आ गए। बस इतनी सी आजादी वर्तमान तक मिली। नाटक में आधुनिक सभ्यता को शैतानी सभ्यता और रेल, डॉक्टर, वकील व अंग्रेजी शिक्षा को गुलामी का नींव दर्शाया गया। कहानी में बताने की कोशिश की गई कि आज यह कैसी विडम्बना है कि हिंदुस्तान की युवा पीढ़ी गांधी के नाम से तो परिचित है, लेकिन गांधी दृष्टि से अपरिचित है। नाटक सत्य, अहिंसा, प्रेम, भाईचारा, सद्भावना और सत्याग्रह के चिंतन को समझने के लिए प्रेरित करता है। साथ ही प्रस्तुति समाज में गांधी दृष्टि को प्रतिष्ठित करने की कोशिश करती है।

### इन्होंने नाटक को किया जीवंत

नाटक में युवा कलाकार ऋतिक शर्मा ने गांधी और जिज्ञासु का किरदार गौरव गौतम ने बेखूबी से निभाया। मंच पार्श्व में संगीत परिकल्पना विशाल बैरवा और तकनीकी प्रभारी राहुल भाटी ने संभाली। रवींद्र मंच के मैनेजर प्रियव्रत सिंह चारण ने बताया गया कि नाटक हिंद स्वराज के लिए प्रशासनिक सेवा के अधिकारी, समाजसेवी, कला प्रेमी, टीवी व फिल्म जगत के कलाकारों ने रुचि दिखाई।

पोस्टल रजि. नं. : जयपुर सिटी/006/2023-25

# न्यूज़ बेधड़क

सच बेधड़क
जयपुर, शनिवार, 23 सितंबर, 2023


रिश्तों में भावनाएं देखें, ना की संभावनाएं।
विनायक शर्मा, फाउंडर एंड एडिटर इन चीफ, सच बेधड़क मीडिया ग्रुप

## मोटोजीपी-इंडिया कंट्रोवर्सी: मोटोजीपी ने भारत का गलत नक्शा दिखाया...



*नई दिल्ली। मोटोजीपी उस समय विवादों में घिर गया जब उसने पहले दिन प्रैक्टिस सेशन के दौरान लाइव-स्ट्रीमिंग में भारत का गलत मानचित्र दिखा दिया। गलत नक्शे में भारत के केंद्र शासित प्रदेशों जम्मू-कश्मीर और लद्दाख को छोड़कर प्रदर्शित किया। जब सोशल मीडिया पर इस पर विवाद हुआ तो मोटोजीपी ने बयान जारी करते हुए माफी मांगी। सोशल मीडिया पर तमाम लोगों ने मोटोजीपी और डोर्ना स्पोर्ट्स दोनों को टैग किया। कई यूजर्स ने इस मुद्दे को उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी को भी टैग किया। मामले की गंभीरता समझते ही मोटोजीपी ने माफीनामा जारी किया। मोटोजीपी ने माफी मांगते हुए लिखा- 'हम मोटोजीपी प्रसारण के हिस्से के रूप में पहले दिखाए गए मानचित्र के लिए भारत में अपने प्रशंसकों से माफी मांगना चाहते हैं। अपने मेजबान देश के लिए समर्थन और सराहना के अलावा कोई और बयान देने का हमारा इरादा नहीं है।'*

### नई मुसीबत में फंसे इमरान खान...

## इस्लामी परंपरा को ताक पर रख किया बुशरा बीबी से निकाह!

**एजेंसी** | इस्लामाबाद

जेल में बंद पाकिस्तान के पूर्व प्रधानमंत्री इमरान खान की मुसीबतें कम होने का नाम नहीं ले रही हैं। अब उनकी शादी पर ही गंभीर सवाल उठे हैं। इस्लामाबाद की एक स्थानीय अदालत ने गुरुवार को इमरान खान को बुशरा बीबी के साथ उनके कथित 'गैर-इस्लामिक' विवाह से संबंधित एक मामले में 25 सितंबर को तलब किया है। रिपोर्ट के अनुसार सिविल जज कुदरतुल्लाह ने अटक जेल अधीक्षक को जारी एक आदेश में यह सुनिश्चित करने का निर्देश दिया कि इमरान खान को अदालत के सामने पेश किया जाए।

पाकिस्तान तहरीक-ए-इंसाफ (पीटीआई) के अध्यक्ष इमरान खान तोशाखाना मामले में दोषी ठहराए जाने के बाद जेल में बंद हैं। इमरान खान को 5 अगस्त को लाहौर में उनके जमान पार्क आवास से गिरफ्तार किया गया था।



### इद्दत के दौरान शादी का आरोप

सुनवाई के दौरान न्यायाधीश अदालत के अधिकार क्षेत्र को चुनौती देने वाले पीटीआई अध्यक्ष के वकील की दलील जांचेंगे। अदालत से समय मांगने पर न्यायाधीश ने इमरान खान के वकील से दलीलें तैयार करने को कहा है। रिपोर्ट में कहा गया है कि इमरान खान पर अपनी पत्नी की इद्दत के दौरान कथित तौर पर शादी करने का आरोप है। ये इमरान खान की तीसरी शादी है। जज ने इमरान खान और बुशरा बीबी को भी उनकी अदालत में पेश होने का निर्देश दिया।

### 18 जुलाई को दायर हुई याचिका

इद्दत एक इस्लामी परंपरा है। इस्लाम में इद्दत या इद्दाह किसी महिला के तलाक या उसके पति की मृत्यु के बाद की वह अवधि है, जिसका पालन करना उस महिला के लिए अनिवार्य है। इस अवधि के दौरान वह किसी अन्य पुरुष से शादी नहीं कर सकती है। इससे पहले, 18 जुलाई को कोर्ट ने नौ पेज का विस्तृत फैसला जारी किया था, जिसमें कहा गया कि इमरान के खिलाफ उनकी 'अवैध' शादी से संबंधित याचिका दायर की जाती है।

### भारत-कनाडा विवाद में बोला अमेरिका...


## भारत तो रूस जैसा नहीं

**एजेंसी** | वाशिंगटन

कनाडा और भारत में खालिस्तानी हरदीप सिंह निज्जर की हत्या को लेकर पैदा हुए तनाव का असर कई देशों पर दिख रहा है। अमेरिका, ऑस्ट्रेलिया और ब्रिटेन जैसे देशों ने इस मसले पर चिंता जाहिर की है, जहां सिखों की बड़ी आबादी रहती है।

इस बीच भारत को लेकर नरम रुख अपनाने के आरोपों का जवाब देते हुए अमेरिका के राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार जेक सुलिवन ने कहा कि हम दिल्ली के संपर्क में हैं। उन्होंने कहा कि किसी भी देश को इस तरह के मामलों में विशेष छूट नहीं है।

अमेरिका अपने मूल सिद्धांतों पर ही अडिग है। यही नहीं सुलिवन ने इस दौरान भारत की तुलना रूस और चीन से किए जाने पर कहा कि भारत रूस की तरह नहीं है और वह चीन जैसा भी नहीं है। वाइट हाउस में मीडिया से बात करते हुए सुलिवन ने कहा कि कनाडा के आरोपों को लेकर अमेरिका गंभीर है। हम जांच का समर्थन करते हैं और मानते हैं कि दोषियों को सजा दी जानी चाहिए।




### चल रही है कूटनीतिक प्रक्रिया

सुलिवन ने कहा, 'यह हमारे लिए चिंता की बात है। यह ऐसी चीज है, जिसे हमें गंभीरता से लेना चाहिए। यह ऐसा है, जिस पर काम करने की जरूरत है और हम आगे बढ़ेंगे। इस तरह के मामलों में किसी भी देश को स्पेशल छूट नहीं मिल सकती। हम अपने सिद्धांतों के साथ हैं। इस मामले में हम कनाडा से बात करेंगे, जिसने अपनी कानूनी कार्रवाई शुरू की है और कूटनीतिक प्रक्रिया भी चल रही है।' रूस की तरह भारत को लेकर रुख न रखने पर भी अमेरिकी अधिकारी ने कहा कि रूस से तुलना करना गलत है। दोनों देशों में काफी अंतर है।

### तनाव में अमेरिका की परीक्षा

भारत और कनाडा में पैदा हुए तनाव अमेरिका के लिए भी परीक्षा की घड़ी है। इसकी वजह यह है कि एक तरफ भारत की मदद से एशिया में वह चीन को काउंटर करना चाहता है तो वहीं रूस और यूक्रेन के मसले पर भी भारत का समर्थन अहम है। ऐसे में यदि कनाडा के मसले पर वह भारत के खिलाफ तो फिर मुश्किल होगी। यही वजह है कि अमेरिका इस मामले में सतर्कता के साथ काम कर रहा है। अब तक उसने विवाद से बचने जैसी बातें ही कही हैं, लेकिन किसी एक देश का खुलकर पक्ष लेने से बचा है।

### कुराखोव को रूस ने बनाया निशाना, 13 लोग घायल

**कीव।** रूस और यूक्रेन के बीच जारी युद्ध थमने का नाम नहीं ले रहा है। दोनों देश एक दूसरे पर लगातार हमला कर रहे हैं। इधर, रूस ने एक बार फिर यूक्रेन में डोनेट्स्क के पश्चिमी शहर कुराखोव पर हमला किया है। डोनेट्स्क के पश्चिमी शहर पर हुए इस रूसी हमले में 13 लोग घायल हो गए, जिसमें से एक को मलबे के नीचे से निकाला गया है। मीडिया ने यह खबर डोनेट्स्क क्षेत्र के एक अधिकारी के हवाले से दी है।


### डोनाल्ड ट्रंप ने महिला के सीने पर दिया ऑटोग्राफ

## वीडियो वायरल... छिड़ा विवाद

**एजेंसी** | न्यूयॉर्क

अमेरिका के पूर्व राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप आए दिन किसी न किसी वजह से विवादों से घिरे रहते हैं। उन्होंने फिर से कुछ ऐसा कर दिया कि विवाद हो गया है। दरअसल, ट्रंप अमेरिका के लोवा में अपनी चुनावी कैंपेन कर रहे थे, इस दौरान वह अचानक एक रेस्तरां में पहुंचे।

रेस्तरां में एक महिला वेटर ने ट्रंप से कहा कि वह उन्हें ऑटोग्राफ दे दें, ट्रंप ने ऐसा ही किया और ऑटोग्राफ दे दिया, लेकिन उन्होंने महिला के सीने पर ऑटोग्राफ दिया। हालांकि महिला ने ही उन्हें ऐसा करने को कहा था। अब इस व्यवहार को लेकर ट्रंप को आलोचना का सामना करना पड़ रहा है। सोशल मीडिया पर इसकी तीखी प्रतिक्रिया देखने को मिल रही है। ये पहली दफा नहीं है कि ट्रंप ने किसी महिला के सीने पर ऑटोग्राफ दिया है, इससे पहले भी 2015 में उन्होंने चुनावी कैंपेन के दौरान एक महिला के सीने पर ऑटोग्राफ दिया था।



### पाकिस्तान में भेदभाव की पराकाष्ठा... सरकार भी चुप

## अहमदिया मस्जिद को तोड़ने की तैयारी

**एजेंसी** | इस्लामाबाद

पाकिस्तान से हिंदू और ईसाई समुदाय के लोगों और उनके धर्मस्थलों पर हमले की खबरें अक्सर आती रहती हैं। यही नहीं अहमदिया मुस्लिम समुदाय के लोगों को भी अक्सर भेदभाव और हिंसा का सामना करना पड़ता है। पाकिस्तान में एक बड़ा वर्ग अहमदिया को मुस्लिम ही नहीं मानता। इस बीच कट्टरपंथी संगठन तहरीक-ए-लब्बैक पाकिस्तान ने अहमदिया समुदाय की एक मस्जिद को तोड़ने का ऐलान कर दिया है। इस संगठन का कहना है कि इस मस्जिद को गिरा दिया जाएगा। तहरीक-ए-लब्बैक ने इसकी मीनारों को गिराने का ऐलान वीडियो के जरिए किया है।

दरअसल, इस संगठन का कहना है कि ऐसी इमारत गलत है और उसे हम मस्जिद का दर्जा ही नहीं देते।

यह पंजाब के सियालकोट जिले की दासका तहसील में है। इसे पाकिस्तान के पहले विदेश मंत्री सर जफरुल्लाह खान ने बनवाया था। जिला पुलिस के मुताबिक यह मस्जिद जफरुल्लाह खान निवास के ठीक बगल में है।



### नासा कल लाएगा उल्कापिंड का तोहफा

## बेन्नू के सैंपल खोलेंगे सौरमंडल के राज

**एजेंसी** | वॉशिंगटन

नासा अंतरिक्ष अनुसंधान में रोजाना कोई न कोई नई खोज करता रहता है। अब एजेंसी का ओसीरिस-रेक्स अंतरिक्ष से धरती के लिए एक शानदार तोहफा ला रहा है। शोधकर्ता इस तोहफे का इंतजार कर रहे हैं, जो अब तक का सबसे बड़ा एस्टेरॉयड सैंपल होगा।

इसके जरिए वैज्ञानिक हमारे सौर मंडल के बनने और एस्टेरॉयड को लेकर अपनी समझ बढ़ा सकेंगे। यह भविष्य में हमारे सौर मंडल पर क्या प्रभाव डालेंगे, इसकी भी जानकारी मिल सकेगी। इस मिशन का पूरा नाम ओरिजिन्स, स्पेक्ट्रल इंटरप्रिटेशन, रिसोर्स आइडेंटिफिकेशन, सिक्योरिटी रिगोलिख एक्सप्लोरर (OSIRIS-Rex) है।



### पैराशूट की गति 18 किमी रखी जाएगी

नासा का यान से पैराशूट से यूटा डिफेंस डिपार्टमेंट के इलाके में यह उतरेगा। प्रोग्राम मैनेजर फ्रायंड ने कहा, 'पैराशूट के जरिए कैप्सूल के गिरने की रफ्तार को 18 किमी की गति तक लाया जाएगा। यहां रिकवरी टीम कैप्सूल को एक बार फिर से प्राप्त करने के लिए मौके पर खड़ी रहेगी।'

### अंतरिक्ष यान लैंडिंग की लाइव स्ट्रीमिंग

ओसीरिस-रेक्स के अमेरिका के यूटा में उतरने की संभावना है। इसके अंदर लगभग 250 ग्राम उल्कापिंड के सैंपल हैं। स्थानीय समय के मुताबिक रविवार की सुबह नासा इसका 10 बजे लाइव स्ट्रीम करेगा। 10.42 बजे यह कैप्सूल पृथ्वी की कक्षा में प्रवेश करेगा। तब इसकी स्पीड 44,498 किमी प्रति घंटे होगी। 13 मिनट के अंदर यह धरती को छुएगा। इस अंतरिक्ष यान को 2016 में लॉन्च किया गया था। इसे बेन्नू नाम के उल्कापिंड पर भेजा गया था। इसके नमूने वैज्ञानिकों को सौर मंडल की अत्पत्ति और विकास के बारे में ज्यादा जानकारी प्राप्त करने में मदद कर सकते हैं।




सृष्टिविनायक एंटरटेनमेंट मीडिया प्राइवेट लिमिटेड के लिए मुद्रक व प्रकाशक मिताली यादव द्वारा सच बेधड़क दैनिक हिन्दी अखबार, 34/16-ए, शिप्रा पथ, मानसरोवर, जयपुर-302020 (राजस्थान) से प्रकाशित एवं भास्कर प्रिंटिंग प्रेस, शिवदासपुरा, रेलवे क्रॉसिंग टोंक रोड, जयपुर (राजस्थान) से मुद्रित।
**संपादक:** पंकज सोनी*, **फोन नं. :** 9664014179 (ऑफिस), **ई-मेल:** news@sachbedhadak.com, **RNI No. :** RAJHIN/2021/82557 *समाचार चयन के लिए पी.आर.बी. एक्ट के तहत जिम्मेदार।

दैनिक हिन्दी अख़बार
सच बेधड़क

"सच बेधड़क" दैनिक हिन्दी अख़बार की प्रति PDF के माध्यम से मुफ़्त प्राप्त करने के लिए इस लिंक पर Click कीजिए

Telegram

https://rb.gy/3bkrnl